चित्रकूट। सिविल जज (सी.डि.) विदुषी मेहा ने थाना कोतवाली में पंजीकृत सड़क दुर्घटना के मामले में दोषी नसीर अहमद निवासी द्वारिकापुरी को 2500 रुपये का अर्थदंड दिया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह एवं पैरोकार आरक्षी रामकिशोर की पैरवी एवं अभियोजन अधिकारी पियूष बहस के बाद दोषी को सजा मिल सकी।

1000 रुपये का अर्थदंड

चित्रकूट। आपरेशन कन्विक्शन के तहत जीआरपी कर्वी में दर्ज मामले में सिविल जज (सी.डिवी.) एफटीसी ने आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा सुनाई। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार कोर्ट ने सुंदरम चौधरी पुत्र रामू निवासी बजराहा टोला सतना (मप्र) को यह सजा दी। साथ ही एक हजार रुपए का अर्थदंड दिया गया। इस मामले में लोक अभियोजक हरिओम सिंह, विवेचक हेड कांस्टेबिल रामवीर सिंह और पैरोकार सुखविंदर सिंह रहे।

55 किसानों को दिए प्रतीकात्मक चेक

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। तहसील क्षेत्र में बीते रविवार को आंधी व बारिश के बीच हुई ओलावृष्टि से प्रभावित 55 किसानों को सांसद आरके सिंह ने प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए। उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बताया कि इस संबंध में ओलावृष्टि से प्रभावित नौ राजस्व ग्रामों में सर्वे कराया गया था। सांसद ने बताया कि 2014 के पूर्व पचास प्रतिशत नुकसान पर सहायता देने का प्राविधान था पर डबल इंजन सरकार ने मानक को घटाकर 33 प्रतिशत कर दिया है।

तहसील सभागार में गुरुवार को अति ओलावृष्टि से प्रभावित 55 किसानों को कुल चार लाख उन्तालीस हजार का प्रतीकात्मक चेक किसानों को सौंपे गए। इन किसानों के खाते में मुआवजे का पैसा भेजा गया है। सांसद आरके सिंह पटेल, एसडीएम, तहसीलदार फूलचंद्र यादव व नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे की मौजूदगी में प्रतीकात्मक चेक सौंपे गए। सांसद ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश कि ओलावृष्टि के तीन दिन के अंदर सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए, को संज्ञान में लेते हुए किसानों के बैंक के खातों में धनराशि भेजी जा रही है। एसडीएम ने बताया कि 162 गांवों में सर्वे चल रहा है। रिपोर्ट आने पर पीड़ित किसान के खातों में बिना किसी भेदभाव के धनराशि भेजी जाएगी। इस अवसर पर शक्ति प्रताप सिंह तोमर, योगेंद्र सिंह, स्वयं प्रकाश मिश्र, सुभाषचंद्र अग्रवाल, सतीशचंद्र मिश्र, मुन्ना सिंह, लेखपाल व किसान मौजूद रहे।

किसान को प्रतीकात्मक चेक प्रदान करते सांसद और एसडीएम। अमृत विचार

- डबल इंजन सरकार ने घटाया नुकसान का मानक : सांसद

अमावस्या मेले के लिए चलाई जाएगी स्पेशल ट्रेन

चित्रकूट। फागुन मास के अमावस्या मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ आने की संभावना के मद्देनजर रेल प्रशासन ने स्पेशल ट्रेन संचालन की व्यवस्था की है।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार, नौ मार्च से एक मेला स्पेशल वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी–चित्रकूट धाम कर्वी के बीच चलाई जाएगी। यह आवश्यकतानुसार संचालन के लिए स्टैंडबाई मोड में स्टेशन पर रहेगी। इसका प्रस्थान समय झांसी से 20:10 बजे होगा। यह चित्रकूट धाम कर्वी 03:05 बजे पहुंचेगी।

इसी प्रकार नौ से 11 मार्च तक झांसी-बांदा मेमू आवश्यकता के अनुसार चित्रकूटधाम कर्वी तक विस्तारित की जाएगी।

दोनों आरोपियों की जमानत खारिज

चित्रकूट कार्यालय

- पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश की आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा में गड़बड़ी करने के दोनों आरोपियों का जमानत प्रार्थनापत्र सत्र न्यायाधीश ने खारिज कर दिया। कोर्ट ने उनके इस कृत्य को गंभीर सामाजिक अपराध माना है। एक आरोपी ने दूसरे आरोपी के स्थान पर परीक्षा दी थी।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि पुलिस उप निरीक्षक श्यामदेव सिंह ने 18 फरवरी को कर्वी कोतवाली में सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम के तहत इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में थी। इसकी दूसरी पाली में जांच के दौरान अभ्यर्थी प्रतापगढ़ जिले के कुंडा थानांतर्गत ठाकुर का पुरवा मुर्तजापुर निवासी संदीप कुमार यादव का बायोमैट्रिक संदिग्ध पाया गया था। परीक्षा समाप्त होने पर पुलिस टीम ने जब केंद्र के बाहर अभ्यर्थी से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह प्रयागराज जिले के होलागढ़ थाने के तुलापुर का निवासी अजय कुमार है और संदीप कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इसके लिए उसे प्रयागराज में एक व्यक्ति ने फोन से बुलाया था और संदीप से पांच लाख रुपये की डील हुई थी। इसमें संदीप ने 50 हजार रुपये नकद दिए थे, जिसमें से 20 हजार रुपये उसे भी मिले थे। इसके बाद फर्जी तरीके से आधार कार्ड और एडमिट कार्ड तैयार करके वह परीक्षा देने आया था। इस दौरान उसने परीक्षा केंद्र के बाहर मौजूद संदीप कुमार को भी पकड़वा दिया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया था। जेल में बंद दोनों आरोपियों ने इस मामले में अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने कहा कि आरोपियों के इस कृत्य से मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को निराशा होती है। ऐसी प्रतियोगी परीक्षाओं को संचालित करने में राज्य सरकार का समय नष्ट होता है और लाखों रुपये की क्षति होती है। साथ ही बेरोजगार अभ्यर्थियों को भी परेशानी होती है और उनके धन का अपव्यय होता है। जिला जज ने इस कृत्य को गंभीर सामाजिक अपराध करार देते हुए दोनों का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया।

मिसाल उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का अपना अखबार और पोर्टल, आगे इसमें गांव–मजरों की समस्यात्मक खबरों को भी स्थान देने की योजना

'पंख' से भरी कल्पना की उड़ान और बनाया पोर्टल

हरीनारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

अमृत विचार। सरकारी स्कूलों के बच्चों की निजी स्कूलों के बच्चों से तुलना अक्सर होती है पर ये बच्चे भी किसी कम हैं नहीं। मऊ तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चित्रवार के उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चे अपना अखबार निकाल रहे हैं। नाम रखा है पंख। सराहना मिली तो उत्साहित छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों की मदद से बाल दर्पण नाम से पोर्टल भी शुरू कर दिया। बच्चों द्वारा पोर्टल संचालित करने वाला यह जिले का पहला विद्यालय है।

राज्य पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाध्यापक राजकुमार शर्मा बताते हैं कि पहले शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने बाल पत्रिका निकाली और फिर इसे अखबार का स्वरूप दिया। अभी इस अखबार में बच्चों ने महापुरुषों की बातें, अपनी रचनाएं आदि को स्थान दिया गया है। बच्चों की योजना है कि अगर सब कुछ ऐसा ही रहा तो वे आगे इसमें गांव-मजरों की समस्याओं को भी स्थान देंगे। इस उपलब्धि पर बीईओ रामनगर एनपी सिंह, उत्तर प्रदेशीय बेसिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, ब्लाक अध्यक्ष मऊ वीरभान सिंह, रामनगर शिवभूषण त्रिपाठी, परामर्शदाता शिक्षक छोटा प्रसाद आदि ने बच्चों को बधाई दी।

अखबार में रचनाएं लिखतीं छात्राएं। अमृत विचार

अखबार की प्रति दिखाते छात्र।

अपने अखबार के पास खड़ी छात्राएं। अमृत विचार

पहला वीडियो अपलोड हुआ तो मिली अपार खुशी

प्रधानाध्यापक और सहायक शिक्षक सत्यभूषण सिंह चौहान की मदद से बच्चों ने अपने पोर्टल बाल दर्पण में इसी सोमवार को पहला वीडियो अपलोड किया। एंकरिंग छात्रा श्वेता ने की है और किसी निपुण प्रस्तोता की ही तरह प्रतिभा दिखाई है। श्वेता ने बताया कि इसमें शिक्षकों का हर मोड़ पर मार्गदर्शन रहा है, जिससे झिझक नहीं रही।

हर शनिवार निकलता है अखबार

प्रधानाध्यापक ने बताया कि यहां कक्षा छह से आठ तक के 93 पंजीकृत छात्र हैं। उन्होंने बताया कि बीईओ मऊ केडी पांडेय के मार्गदर्शन में कक्षा आठ के छात्र–छात्राओं ने 2018 को पहले हर शनिवार को बाल पत्रिका पंख निकाला और फिर 2021 से इसे अखबार का रूप दे दिया।

गर्व की बात है बच्चों का काम

बीईओ केडी पांडेय कहते हैं कि यह वास्तव में गर्व की बात है। उन्होंने इसका श्रेय अध्यापकों को दिया। बताया कि यहां के बच्चे ऑनलाइन कवि सम्मेलन और अन्य कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। कविता लेखन में भी 22 बच्चे प्रतिभागी रहे हैं।

बाकायदा बनी है टीम

पढ़ाई के बाद अतिरिक्त समय पर अखबार का काम बच्चे करते हैं, जिससे पठनपाठन प्रभावित न हो। नंदिनी त्रिपाठी समूह संपादक है। बताया कि कक्षा सात के बच्चों को यह बता दिया जाता है, जिससे आठ पास कर बच्चों के जाने के बाद भी अखबार चलता रहे। प्रियांशी पांडेय समाचार संपादन का काम करती हैं। सचिन त्रिपाठी, प्रोनिष पांडेय प्रकाशन सामग्री संग्रह कर समाचार संपादक को देते हैं। नैना द्विवेदी खबरों को लिखती हैं।

जिला जज ने खारिज की आरोपियों की जमानत

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- महोत्सव के दौरान चित्रकूट इंटर कालेज में हुए धमाके में चार बच्चों की मौत का मामला

अमृत विचार। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दौरान चित्रकूट इंटर कालेज में हुए धमाके में चार बच्चों की मौत के मामले में जेल में बंद दो आरोपियों की जमानत जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने खारिज कर दी।

जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि 14 फरवरी को कर्वी कोतवाली के अपराध निरीक्षक आशुतोष तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कर्वी के चित्रकूट इंटर कालेज में 13 फरवरी से बुंदेलखंड गौरव महोत्सव हो रहा था। दूसरे दिन रात नौ बजे से आतिशबाजी कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसके तहत डोम इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के प्रोपराइटर हर्ष कामदार की देखरेख में इंदौर निवासी पंकज जाट और अन्य साथियों के असेंबलिंग की जा रही थी। इस दौरान दोपहर लगभग तीन बजे असेंबलिंग के दौरान अचानक आतिशबाजी में रखे सामान में विस्फोट हो गया। इससे मौके पर चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला चिकित्सालय ले जाने पर दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि प्रयागराज ले जाने पर इन दोनों को भी मृत घोषित कर दिया। मृतकों की शिनाख्त मोहित (16), प्रभात (11), अंजनेय उर्फ यश मिश्रा (11) एवं पारस शर्मा (13) के रूप में हुई थी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आतिशबाजी का टेंडर लेने वाली कंपनी डोम इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर हर्ष कामदार व पंकज जाट को गिरफ्तार किया था। इस मामले में जेल में बंद दोनों आरोपियों ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया था। दलीलें सुनने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया।

एक नजर

25 क्वार्टर शराब समेत एक आरोपी गिरफ्तार

नरैनी। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली के उपनिरीक्षक संत प्रसाद ने करतल के पास भांवरपुर गांव निवासी रामदेव अहिरवार पुत्र रामलाल को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 25 अदद अवैध देशी शराब के क्वार्टप बरामद हुए। अदालत में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

सड़क किनारे मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र के जारी गांव के समीप गुरूवार की सुबह युवक का शव सड़क किनारे पड़ा ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से मिले मोबाइल और आईडी कार्ड से उसकी पहचान मनोज उर्फ बबली (35) पुत्र रामआसरे निवासी अलिहा थाना विसंडा के रूप में हुई। मृतक के भतीजे अंश पांडेय ने बताया कि मनोज बैंक से प्राइवेट लोन दिलाने का काम करता था। बुधवार की सुबह वह बैंक जाने की बात कह कर घर से निकला था। मृतक आविवाहित था। आरोप है कि हत्या करने के बाद शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया है। पोस्टमार्टम में भी सिर व सीने में चोटों के निशान थे।

शादी से एक दिन पहले युवती ने घर में फांसी लगाकर दे दी जान

शहर कोतवाली क्षेत्र के कहला गांव की घटना, बारात के स्वागत की हो रही थी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार : शादी के एक दिन पहले युवती ने कमरे के अंदर पंखा के हुक पर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के काहला गांव निवासी कारीबाई उर्फ सुमन (19) पुत्री रामबाबू की गुरुवार को शादी होनी थी। बुधवार की रात पंखा के हुक पर दुपटटा से फांसी लगा कर खुदकुशी कर ली। सुबह छोटी बहन रीता की नींद खुली तो देखा सुमन का शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही वह चीख पड़ी। शोरगुल सुनकर परिवार के अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन फंदा काट कर उसे नीचे उतारा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मामा देवराज ने बताया कि कारीबाई की शादी गांव के ही पुष्पेद्र उर्फ होरीलाल पुत्र दशरथ से होनी थी। शादी दोनो परिवारो की रजामंदी से शादी हो रही थी।

मृतका दो बहनो में बड़ी थी। अचानक हुई इस घटना से परिजनो में कोहराम मच गया। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है।

घटना के बाद घर में पसरा मातम। अमृत विचार

शादी की खुशियां मातम में बदलीं

सुमन की शादी के लिए परिजनो ने पूरी तैयारी कर ली थी। दान दहेज का सामान खरीद लिया गया था। गुरूवार को बरात आनी थी। सभी नाते रिस्तेदार इकटटा हो गए थे। रात को यह घटना हो गई। शादी की खुशिया मातम में बदल गई।

हाथों में मेहंदी लगवाने के बाद लगाई फांसी

शादी से पहले बुधवार की रात सुमन ने अपने हाथों में मेहंदी लगवाई उसके पास महिलाएं भी बैठी रही। मेंहदी लगवाने के बाद महिलाएं सोने चली गई। सुमन की छोटी बहन रीता भी चारपाई में सो रही थी। उसने रीता को जगाकर दुपटटा मांगा। रीता ने दुपटटा मांगने का कारण पूछा तो सुमन ने कहा था कि उसने मेहदी धूली है हाथ पोछना है। रीता दुपटटा देने के बाद दोबारा सो गई।

निर्यात को गति देने के लिए दे रहे अनुदान

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचार: मंडल में कृषि निर्यात नीति को बढ़ाने के उद्देश्य से आयुक्त कार्यालय के सभागार में मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कर रहे आयुक्त द्वारा बैठक में कृषि विपरण अधिकारी गंगा दयाल द्वारा कृषि निर्यात नीति 2019 के बारे में अवगत कराया गया। आयुक्त ने कहा कि प्रदेश से निर्यात को गति देने के लिए चार प्रकार के प्रोत्साहन अनुदान प्रदान किए जा रहे हैं।

आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक में सहायक कृषि विपरण अधिकारी गंगा दयाल द्वारा जिन चार प्रकार के प्रोत्साहन अनुदान दिए जाने की बात कहीं गई उनमें क्लस्टर्स के निकट स्थापित की जाने वाली नई प्रसंस्करण इकाई, पैक हाउस, शीत गृह, राइपनिंग चैंबर्स आदि को कृषि जिन्सों को क्रय कर मौलिक अथवा प्रसंस्कलित रूप से न्यूनतम 40 फीसदी निर्यात करने पर प्रतिवर्ष लाभ दिया जाएगा। इसी प्रकार एपीओ, एफपीसी और किसान समूह को क्लस्टर्स निर्माण पंजीकरण और निर्यात दायित्व पूर्ण करने के मुद्दे पर दिए जाने वाले प्रोत्साहन की जानकारी दी गई। उन्होंने चार प्रकार के प्रोत्साहनों से अवगत कराया। इसके उपरांत मंडल अंतर्गत सभी जनपदों के कृषि विपरण विभाग के निरीक्षकों द्वारा जनपद में जिला स्तरीय क्लस्टर सुविधा इकाई के माध्यम से कृषि निर्यात नीति के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया गया। आयुक्त बीके त्रिपाठी ने जिला स्तरीय क्लस्टर्स सुविधा इकाई के माध्यम से प्रस्ताव प्रेषित किए जाने के लिए जनपद प्रभारी को निर्देशित किया। हमीरपुर से आए निदेशक विनय कुमार द्वारा गन्ना, पारी गुड के निर्यात, क्लस्टर एवं जीआई टैगिंग के लिए प्रस्ताव रखा गया। आयुक्त ने जनपद में गन्ना विभाग स्थापित किए जाने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। बैठक में डीडी कृषि विजय कुमार, उपायुक्त उद्योग गुरूदेव आदि रहे।

बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार

● कृषि निर्यात निगरानी समिति की मंडलीय बैठक में बोले आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी

स्वयं सेवकों को सदाचार व राष्ट्रसेवा की शिक्षा

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचार: कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना पहली और चौथी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन हो गया। कुलपति डा. एनपी सिंह ने एनएसएस स्वयंसेवकों को अनुशासन, सदाचार, तथा राष्ट्र सेवा का पाठ पढ़ाया।

एनएसएस पहली और चौथी इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कनवारा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पहली से सात मार्च तक छात्र-छात्राओं का शिविर आयोजित हुआ। गुरुवार को शिविर का समापन हुआ। कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. एनपी सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत अनुशासन, सदाचार, समाजसेवा तथा राष्ट्र सेवा को स्वयंसेवकों के लिए जरूरी बताया। कहा कि शिविर के उद्देश्यों को पूरा करते हुए स्वयंसेवकों को ग्रामीण परिवेश तथा ग्रामीण समस्याओं का अध्ययन तथा उनका प्रयोगिक अनुभव उनके इस शिविर का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना अध्यक्ष डा.जीएस पंवार ने स्वयंसेवकों कहा कि स्वयंसेवकों के व्यवहार व कार्यो में विश्वविद्यालय की झलक तथा अच्छी तस्वीर प्रस्तुत होनी चाहिये। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल में श्रमदान करते हुए रंगाई पुताई करके स्वच्छ एवं दर्शनीय बनाने की सराहना की। डा.जगन्नाथ पाठक ने स्वयंसेवकों को समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र सेवा को मानव जीवन का आधार बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डा.एके चैबे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत स्वयंसेवकों के कर्तव्य व महत्व बताए। इस मौके पर महाविद्यालय कुलपति समेत शिक्षकों ने छात्रों द्वारा बनाए पकाए गए भेजन को चखा। कार्यक्रम अधिकारी डा. मयंक दुबे ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। डा.अर्जुन प्रसाद वर्मा ने सभी का आभार जताया।

एनएसएस शिविर को संबोधित करते कुलपति डा. एनपी सिंह। अमृत विचार

एनएसएस छात्राओं ने श्रमदान कर सफाई की

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर में पहली, दूसरी और तीसरी इकाई स्वयंसेवी छात्राओं ने श्रमदान करते हुए महाविद्यालय की सफाई की। कैंडल मार्च निकालकर छात्राओं ने महिला अधिकारों के प्रति जागरूक किया। एनएसएस नोडल अधिकारी डा,सबीहा रहमानी ने शिविर का उद्घाटन किया। द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी जयंती सिंह ने महिलाओं की वर्तमान स्थिति पर बात करते हुए कहा कि आज महिलाओं की सबसे बड़ी जरूरत है कि वे आत्मनिर्भर बनें। तृतीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी अंकिता तिवारी ने रोजगार के अवसर प्राप्त करने के रास्ते में आ रही रुकावटों को दूर करने को प्रेरित किया।

महिला दिवस पर दिए 60 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार : जन शिक्षण संस्थान में पूर्व संध्या पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते हुए महिलाओं से देश और समाज के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया गया। गोष्ठी में महिला उत्थान पर चर्चा की गई। इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 60 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

जन शिक्षण संस्थान में पूर्व संध्या पर गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का शुभारंभ उपभेक्ता फोरम के जज भूपेंद्र शुक्ला, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला प्रबंधक शालिनी जैन व संस्थान निदेशक मोहम्मद सलीम अख्तर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस दौरान निदेशक ने संस्थान द्वारा दिए जा रहे व्यवसायिक प्रशिक्षण एवं गतिविधियों की जानकारी दी। महिलाओं से देश और समाज के विकास में सक्रियता के साथ आगे आने का आह्वान किया। शालिनी जैन ने संस्थान द्वारा महिलाओं के विशेष व्यवसायिक प्रशिक्षण व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करने की सराहना की। उपभेक्ता फोरम जज ने कहा कि समाज में महिलाओं को विशेष दर्जा मिलना चाहिए। समाज में धीरे-धीरे महिलाओं की जागरुकता बढ़ रही हैं। समारोह के दौरान व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली 60 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान लेखाकार लक्ष्मीकांत दीक्षित, सहायक कार्यक्रम अधिकारी मंयक सिंह, क्षेत्र सहायिका शिवांगी द्विवेदी, परिचर मनोज कुमार आदि रहे।

सार-संक्षेप

सम्मेलन को संबोधित करते दिव्यांग प्रकोष्ठ के संयोजक। अमृत विचार

अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद करेगा दिव्यांग प्रकोष्ठ

बांदा : भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ सम्मेलन में उपस्थित दिव्यांगजनों को केंद्र और प्रदेश द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही अबकी बार 400 पार को नारे को बुलंद करने का निर्णय लिया। कहा कि दिव्यांग प्रकोष्ठ लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा लेगा। तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया जाएगा। शहर के सिविल लाइन स्थित मैरिज हाल में गुरुवार को भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ का सम्मेलन आयोजित हुआ। जिला संयोजक श्यामबाबू त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांगों को पूरा हक व अधिकार भाजपा में मिल रहा है। लोकसभा चुनाव में दिव्यांग प्रकोष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता बढ़चढ़कर हिस्सा लेगा। और अबकी बार 400 के पार मोदी सरकार के नारे को बुलंद करेगा। चित्रकूट संयोजक रामबाबू शुक्ला व महोबा संयोजक शिवकुमार पाठक ने संबोधित किया।

लोडर से कुचलकर अधेड़ की मौत, साथी घायल

नरैनी : सड़क किनारे खड़े दो युवकों को तेज रफ्तार लोडर ने बुरी तरह से रौंद दिया। राहगीरों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि घायल दोस्त को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। कालिंजर थाना क्षेत्र के पुरैनिया गांव के मजरा सकतपुर निवासी रामदेव प्रजापति (57) पुत्र ढिल्लू गुरुवार को अपने पड़ोसी सुरेश पटेल (42) पुत्र इंद्रजीत के साथ पुत्री सीमा की शादी के लिए अनुदान का ऑनलाइन आवेदन कराने के लिए बरियारपुर (अजयगढ़) जा रहे थे। मध्य प्रदेश सीमा पर धर्मपुर पुलिस महुकज चैकी पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के डर से दोनों बाइक खड़ी कर सड़क किनारे खड़े होकर चेकिंग बंद होने का इंतजार रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार लोडर ने उन्हें बुरी तरह से रौंद दिया। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आपपास के लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। यहां उपचार के दौरान रामदेव ने दम तोड़ दिया। सुरेश पटेल की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक मृतक रामदेव मजदूरी करता था।

फसल चौपट होने के सदमे में किसान ने दम तोड़ा

बांदा : बारिश और ओला वृष्टि से गेंहू की फसल बरबाद देख किसान को सदमा लगा गया। हालत विगड़ने पर घरवाले उसे पीएचसी ले गए। यहां डॉक्टरो ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमासिन कस्बा निवासी शत्रुघन यादव (40) पुत्र चुन्नीलाल यादव किसानी करता था। उसके ममसी खुर्द गांव में चार बीघा खेत है। उसने गेहू की फसल बोई थी। बे मौसम हुई वारिस और ओलावृष्टि से फसल बरबाद हो गई। बुधवार की सुबह शत्रुघन खेत देखने गया था। देखा तो उसकी गेंहू की फसल बरबाद हो गई थी। दोपहर को वह मायूस हो कर घर आया और बेटी से पानी मांगा पानी पीते ही उसकी हालत बिगड़ गई। वह अचेत हो गया। परिजन उसे पीएचसी कमासिन ले गए। यहां देखने के बाद डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भांजे रावेंद्र सिंह यादव ने बताया कि फसल बर्बाद होने के सदमे में दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई है।

बूथों पर 9 व 10 को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम होगा

कार्यालय संवाददाता,बांदा

अमृत विचार: अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में कहा है कि 9 एवं 10 मार्च को ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर प्रत्येक बूथ में मतदाताओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। जिनके नाम दर्ज नही है वह ससमय अपना नाम पंजीकरण करा सकते हैं।

अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का हवाला देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राज्य स्तर पर स्वीप गतिविधियों के लिए तैयार किए गए कलेंडर के अनुसार चालू माह के द्वितीय सप्ताह में मै हू न के अंतर्गत 9 व 10 मार्च को ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर बूथो में मतदाताओं की जागरुकता के लिए वरिष्ठ अधिकारी द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी।

इसमें जिन व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हैं वह अपना नाम ससमय पंजीकरण करा ले। उन्होंने इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार किए जाने के भी निर्देश दिए है।

बाइक से गिरकर लाइनमैन की मौत

बांदा: जालौन जिला के निपनिया गांव निवासी अरविंद यादव (35) पुत्र देवनरायण खुरहंड सब स्टेशन में लाइन मैन था। वह गिरवां थाना क्षेत्र के बड़ोखर बुजुर्ग गांव में किराए के मकान में रहता था। बुधवार को बड़ोखर बुजुर्ग निवासी लखन यादव की शादी थी। बरात बिसंडा थाना क्षेत्र के अमवा गांव गई थी। अरविंद अपने साथी शरीफ (29) पुत्र लालू, जयसिंह (27) पुत्र रामनरायन के साथ बाइक में बैठकर बरात में शामिल होने गए थे। तीनो लोग गुरूवार की भेर बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी देहात कोतवाली क्षेत्र के चिल्ली गांव के पास तेज रफ्तार बाइक ब्रेकर से उछल कर गिर पड़ी जिससे तीनो लोग घायल हो गए।

श्रीअन्न में स्वादिष्ट व्यंजनों का जायका

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में आयोजित श्रीअन्न रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित में महिलाओं और छात्राओं के नौ समूहों ने भागीदारी करते हुए स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता में श्रीअन्न में व्यंजनों का जलवा रहा। समापन पर प्रतिभागियों को तीन श्रेणियों में पुरस्कार दिया गया।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कुलपति डा.एनपी सिंह के निर्देश पर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय और कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्रामीण कौशल एवं उद्यमिता विकास केंद्र में गुरुवार को श्रीअन्न रेसिपी प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता का अवलोकन व मूल्यांकन निर्णायक मंडल ने किया। विश्वविद्यालय कुलसचिव डा.एसके सिंह ने कहा कि श्री अन्न को दैनिक आहार में शामिल करना चाहिए। आहार में विविधता आती है। बताया कि श्रीअन्न से बने उत्पाद महिलाओं व बच्चों में अनेको स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव में सहायक है। उप कृषि निदेशक विजय सिंह ने प्रदेश में मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रतियोगिता में 25 महिलाओं व 60 छात्र-छात्राओं के नौ समूहो ने प्रतियोगिता में भागीदारी की।

प्रतियोगिता में श्रीअन्न रेसिपी का स्वाद चखते निर्णायक। अमृत विचार

महाशिवरात्रि पर विशेष | गुफा में भोलेनाथ के दर्शन को आते हैं नाग देवता, मंदिर में लगातार जलता दीपक, नहीं है नादिया

वामदेवेश्वर मंदिर में आज उमड़ेगी भक्तों की भीड़

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार: वैसे तो भगवान शंकर की प्रतिमा की स्थापना बिना नादिया के नहीं होती, लेकिन वामदेवेश्वर पर्वत की आदिकालीन गुफा में भोलेनाथ बिना नादिया के विराजमान हैं। भोले के भक्तों का मानना है कि उनके दरबार से कोई खाली नहीं लौटता। याचना करने वालों की भोलेनाथ झोली जरूर भरते हैं। गुफा में हर समय दिया जागृत रखने की परंपरा है। लगातार 11 सोमवार व्रत से शिवजी की विशेष कृपा प्राप्त होती है। पर्वत की चोटी से हर रात भोलेनाथ के दर्शनों को आते हैं। दरबार में कई और विषमताएं देखने को मिलती हैं। पर्वत शिखर पर डमरू की जगह टुनटुनिया पत्थर डमडमाता है। पिण्डी प्रतिवर्ष चावल के आकार के बराबर बढ़ती है। इस तथ्य को प्रमाणित करते हैं यहां रखे वे आभूषण जो पहले कभी पिण्डी के आकार की नाप से बनवाये गये थे, लेकिन अब छोटे पड़ गए हैं।

ऐसी मान्यता है कि शहर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में केन नदी के किनारे स्थित पर्वत की गुफा में आदि काल से महादेव की जो पिण्डी स्थापित है, उसकी स्थापना आदिकाल में गौतम पुत्र महर्षि वामदेव ने स्वयं अपने हाथों से की थी। इसीलिये राजा विराट की इस नगरी का नाम वामदेव के नाम पर वामदा हुआ। बाद में लोग इसे बांदा कहने लगे। मंदिर के पुजारी पं.पुत्तन तिवारी बताते हैं कि महादेव की यह पिंडी वामदेवेश्वर के नाम से सुप्रसिद्ध है। माना जाता है कि आदिकाल में महर्षि वामदेव ने यहां हजारों वर्षों तक तपस्या की थी। गोस्वामी तुलसीदास रचित श्रीराम चरित मानस के बालकाण्ड, अयोध्याकांड और उत्तरकांड के चौपाई, दोहा और सोरठा में महर्षि वामदेव का कुल आठ स्थानों पर उल्लेख मिलता है। क्षेपक कथाओं के अनुसार त्रेता में जब भगवान राम चित्रकूट आये थे, तब महर्षि के दर्शनों के लिये वह बांदा भी आये थे। बीते वर्ष जब अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण से पूर्व भूमि पूजन हुआ था, तब यहां की भी मिट्टी मंगवाई गई थी। यहां स्थापित शिव की पिंडी की विशेषता यह है कि भगवान शिव का प्रिय नादिया यहां नहीं स्थापित है। महादेव के अन्य मंदिरों की तरह महर्षि वामदेव ने नादिया की स्थापना क्यों नहीं है, यह कोई नहीं जानता। यहां नादिया नहीं है। पिण्डी के पास भोले के भक्त दिया जलाते हैं। महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में दिये जलते हैं।

वामदेवेश्वर मंदिर में स्थापित शिवलिंग।

पुजारी पं.पुत्तन तिवारी।

पत्थर से निकलती डमरू जैसी प्रतिध्वनि

देवाधिदेव महादेव का स्थान वामदेवेश्वर पर्वत और भी तमाम प्रकार की विचित्रताओं से भरा पड़ा है। वामदेवेश्वर पर्वत की गुफा के ऊपर एक विशाल पीपल का वृक्ष है। कहा जाता है कि महर्षि वामदेव यहीं तपस्यारत रहा करते थे। यहां वीर बजरंगी प्रतिमा स्थापित है। माना जाता है कि इस पवित्र स्थान से कोई भी खाली हाथ नहीं लौटता। यहां मन्नत मांगने आने वाले भक्त पीपल की जटाओं में गांठ बांधते हैं। पास ही में एक ऐसा विचित्र पत्थर है जिसे दूसरे किसी पत्थर से ठोकने पर डमरू जैसी प्रतिध्वनि निकलती है। मंदिर की जिस गुफा में देवाधिदेव की पिण्डी विद्यमान है, वहां हर रात एक विशालकाय सर्प पिण्डी दर्शन को आता है। गुफा में इस सर्प के प्रवेश के लिये ऊपरी सिरे पर एक छेद भी करवाया गया है, जहां भक्तों के संकेत के लिये पेन्टिंग करवाकर सर्प की आकृति बनवाई गई है।

शिवयोग में उपासना शुभ

ज्योतिषाचार्य पं.बालेन्द्र द्विवेदी बताते हैं कि इस साल महाशिवरात्रि की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 08 मार्च को रात 09 बजकर 47 मिनट से होगी,जिसका समापन 09 मार्च को शाम 06 बजकर 17 मिनट पर होगा। महाशिवरात्रि का त्योहार 8 मार्च,शुक्रवार को मनाया जाएगा।
महाशिवरात्रि के दिन शिव, सिद्ध और सर्वार्थसिद्ध योग का निर्माण होगा। शिवयोग में पूजा और उपासना करना बहुत ही शुभ माना जाता है। इस योग में शिव मंत्र का जाप करने से विशेष सफलता प्राप्त होती है।

धर्मेंद्र सिंह बने भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष

बांदा: भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष बालमुकुंद शुक्ला ने क्षेत्रीय कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। नई कार्यकारिणी में सभी जातियों और क्षेत्र के प्रतिनिधित्व का ध्यान रखा गया है। जारी सूची में शहर के सिविल लाइन्स मोहल्ला निवासी धर्मेंद्र सिंह डीसी सर को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई कार्यकारिणी के गठन पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, बड़ोखर मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल, शिवम द्विवेदी, विवेक त्रिपाठी आदि कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। कार्यकारिणी में जितेंद्र सिंह को क्षेत्रीय मंत्री, राजीव मिश्रा को शोसल मीडिया का सह प्रभारी और किशनबाबू गुप्ता व सत्येंद्र गर्ग को क्षेत्रीय कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। भाजपा नेताओं ने सभी नव नियुक्तों को शुभकामनाएं दी हैं।

कार्यालय जिला पंचायत, बांदा

पत्रांक सं0– 1262 /15वां0वि0आ0/2023–24/जि0पं0बांदा दिनांक: 06 मार्च, 2024

अति अल्पकालिक निविदा सूचना

जिला पंचायत, बाँदा के समस्त पंजीकृत ठेकेदार एवं उत्तर प्रदेश शासन पंचायतीराज अनुभाग–2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–1488/33–2–2020–80जी /2000 लखनऊ दिनांक 24 जुलाई 2020 क्रम में लोकनिर्माण विभाग, सिंचाई विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत अनटाइड/टाइड ग्रान्ट की वर्ष 2023–24 की उपलब्ध धनराशि से 01 लगायत 41 स्वीकृत परियोजनाओं के निर्माण हेतु दिनांक–15.03.2024 तक समय 10.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक मुहर बंद निविदायें कार्यालय जिला पंचायत, बाँदा में आमंत्रित की जाती है. जो दिनांक–16.03.2024 को दोपहर 12.00 बजे से उपस्थित ठेकेदारों के सम्मुख अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय कक्ष में निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। निविदा फार्म जिला पंचायत कार्यालय से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तिथि से दिनांक 14.03.2024 तक सांय 5.00 बजे तक निर्धारित धनराशि जमा करके प्राप्त किये जा सकेगें। टेण्डर डालते समय निविदा फार्म के साथ ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अर्ह हैसियत एव चरित्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि के एन0एस0सी0 के0वी0पी0/ एफ0डी0आर0/ सी0डी0आर0 को मूल रूप में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, बाँदा के पदनाम पर बन्धक कर संलग्न करना अनिवार्य होगा। http://banda.nic.in वेबसाइट से निविदा फार्म क्रय हेतु निर्धारित शुल्क व टेण्डर के साथ अपर मुख्य अधिकारी के पदनाम से निर्धारित धरोहर धनराशि सहित निविदा की विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पंचायत, बांदा से किसी भी कार्य दिवस में नोटिस बोर्ड में देखी व प्राप्त की जा सकती है। विभाग के सक्षम प्राधिकारी को पूर्ण अधिकार होगा कि यह बिना कारण बताये, किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार कर दें। निविदा स्वीकार होने के पश्चात यदि ठेकेदार द्वारा निर्धारित अवधि में 10 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा कर अनुबंध नहीं कराया जाता है तो कार्य की निविदा में 2 प्रतिशत जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। निर्माण कार्य की स्वीकृति/अनुबंध की कार्यवाही धनराशि की उपलब्धता के आधार पर की जायेगी। ठेकेदार को कार्यवार श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। बिना श्रम विभाग में पंजीयन के भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा।

(सतेन्द्र सिंह चौहान) अभियन्ता जिला पंचायत, बांदा
(धर्मेन्द्र कुमार) अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बांदा
(सुनील सिंह पटेल) अध्यक्ष जिला पंचायत, बांदा

एक नजर

राष्ट्रीय लोक अदालत कल

महोबा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर जनपद न्यायाधीश के आदेश पर 9 मार्च को प्रत्येक तहसील, न्यायालय में सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश कुमार गौतम ने बताया कि लोक अदालत में आपराधिक, धारा 138, वाहन दुर्घटना प्रतिकर वादों के अलावा वैवाहिक, श्रम, भूमि अधिग्रहण, दीवानी, बैंक वसूली, राजस्व, सहित तमाम वादों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

चरखारी में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम आयोजित

महोबा। विकासखंड चरखारी के सभागार में नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं ब्लॉक प्रमुख सीमा ने बताया कि स्वयं सहायकता समूह की दीदीयों को पंच सूत्र साप्ताहिक नियमित बैठक, साप्ताहिक नियमित बचत, साप्ताहिक आन्तरिक लेन-देन, साप्ताहिक नियमित ऋण वापसी, साप्ताहिक खाताबही का पालन करना चाहिए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला मिशन प्रबंधक प्रीति, पूजा चौरसिया, ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहित द्विवेदी, देव कुमार के अलावा रजनी गुप्ता, रुपचंद्र तिवारी, एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

महाशिवरात्रि आज, बैंडबाजों और डीजे के साथ निकलेगी शिव बरात

शिवालयों को रंग रोगन कर चमकाया, मंदिर परिसर में सज गईं पूजा सामग्री की दुकानें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। महा शिवरात्रि पर्व की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिवालयों में रंगाई-पुताई और साफ-सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। शिवरात्रि पर्व पर शहर में निकाली जाने वाली शिव बारात की सारी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। शिव पार्वती के प्रतिरूप धारण करने वाले लोगों का भी चयन कर लिया गया है। बैंड बाजों और डीजों की भी व्यवस्थाएं हो गई है। महाशिव रात्रि को लेकर शिवालयों को रंगरोगन कर चमकाया गया है।

महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिरों और शंकर पार्वती की बारात में जुटने वाली लोगों की भीड़ की सुरक्षा के लिए पुलिस द्वारा सुरक्षा प्रबंधक किए गए हैं। पुलिस प्रशास ने शिव मंदिरों और शिव बारात में अलग अलग पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दे रहा है। वह पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटे रहे, जिससे अब मंदिर रंगाई पुताई के बाद चमाचम हो गए हैं।

सजाया गया उमंगेश्वर ज्योर्तिलिंग शिव मंदिर। अमृत विचार

8 मार्च को होने वाली महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अभी से मंदिनों के आसपास पूजा सामग्री की दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं। उधर त्योहार को देखते हुए पालिका प्रशासन ने भी मंदिरों के आसपास अभियान चलाकर सफाई करा दी है। इतना ही नहीं शिव बारात निकलने वाले मार्गो पर भी गुरुवार को सफाई कर्मचारियों की टीमों को लाकर सफाई कराई गई। उमंगेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर, बलखंडेश्वर मंदिर, कंठेश्वर मंदिर, पठेश्वर मंदिर सहित तमाम शिव मंदिरों और उनके परिसरों में भी सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है।

- शिव मंदिरों में भक्तों की सुरक्षा के मद्देनजर की गई पुलिसकर्मियों की तैनाती

कुलपहाड़ के मंदिरों में होंगे भंडारों के आयोजन

कुलपहाड़। शिवरात्रि के अवसर पर नगर के हटवारा मोहल्ला से निकलने वाली शिव बारात की शोभा यात्रा नगर में धूमधाम से निकाली जाएगी। शोभा यात्रा की समाप्ति के बाद शिव मंदिर में भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित रघुवर पैलेस से शिव पार्वती की बारात शोभायात्रा सुबह 10 बजे से निकाली जाएगी। बारात रेलवे स्टेशन स्थित मंदिर में पहुंचकर समापन होगी और इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न शिव मंदिरों को सजाकर तैयार किया जा रहा है। शिवरात्रि के दिन शिवार्चन और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसी तरह नगर के मुख्य बाजार में भी एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

पुलिस ने वांछित और गांजा रखने के आरोपी को पकड़ा

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश पर आगामी लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर जिले में वांछित व मादक पदार्थों की बिक्री करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। थाना कबरई पुलिस टीम ने गांजा सहित एक अभियुक्त को पकड़ा है। इसी प्रकार शहर कोतवाली पुलिस टीम ने धारा 306 से संबंधित में फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

थाना कबरई प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने उपनिरीक्षक रामेंद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने ग्राम मकरबई के रेलवे अंडर ग्राउंड ब्रिज के पास 300 ग्राम गांजा सहित भूपेंद्र सिंह पुत्र रामजीवन सिंह निवासी मकरबई को गिरफ्तार किया है। उधर महोबा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दुर्गविजय सिंह द्वारा बनाई गई पुलिस टीम के चौकी प्रभारी पसवारा एसआई सत्यपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने वांछित अभियुक्त विक्रांत सिंह सेंगर पुत्र जितेंद्र सिंह सेंगर निवासी सेवड़ा जिला दतिया मप्र हाल निवासी लवकुश नगर, जिला छतरपुर को शाहपहाड़ी रोड के पास से गिरफ्तार किया है।

पोलिंग बूथ वाले स्कूलों का किया जा रहा निरीक्षण

लोकसभा चुनाव

- विद्यालयों में रैंप, शौचालय की व्यवस्था के लिए प्रधानाध्यापकों को दिए गए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। अधिकारियों को मतदान केंद्रों और पोलिंग बूथों का जायजा लेने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों के निर्देश पर लेखपाल व अन्य कर्मचारी स्कूलों में बनाए जाने वाले पोलिंग बूथों की स्थिति का जायजा ले रहे हैं। बूथों पर बिजली, शौचालय और रैंप आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

गौरतलब है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर एक तरफ जिला प्रशासन चुनावी तैयारियों में जुट गया, वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों को पोलिंग बूथ बनाए जाने वाले विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देश पर पोलिंग बूथ बनाए जाने वाले स्कूलों में अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही तेज हो गई है।

उधर पुलिस की टीम भी विद्यालयों में जाकर रैंप, बिजली, पानी, पंखा और चुनाव ड्यूटी में आने वाले मतदान कर्मचारियों के ठहरने के लिए कमरों की जानकारी जुटा रही है। पिछले दो दिनों से अलग-अलग टीमें उन विद्यालयों में पहुंच रही, जिन विद्यालयों को पोलिंग बूथ बनाए जाने के लिए चिन्हित किया गया है।

इतना ही नहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को विद्यालयों में रैंप, पानी और शौचालय की व्यवस्था कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने अभी से चुनाव को लेकर भाग दौड़ शुरू कर दी है। उधर जिला निर्वाचन अधिकारी चुनावी तैयारियों के बावत आए दिन अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं।

हादसे में ई-रिक्शा सवार की मौत

महोबा कार्यालय

अमृत विचार। श्रीनगर जौरैया मार्ग पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास स्कूल वाहन ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी, जिससे एक ई रिक्शा सवार की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन ई रिक्शा सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्कूल वाहन चालक वाहन छोड़कर भाग गया। पुलिस ने स्कूल वाहन को कब्जे में लेकर थाना श्रीनगर में खड़ा कर लिया है, और घायलों को जिला अस्पताल महोबा में भर्ती कराया गया। युवक की मौत से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। इधर, पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।

ग्राम ज्यौरैया निवासी रामकुमार (30) पुत्र रामचरण, बाबूलाल (45) पुत्र बचा, दयाराम (35) पुत्र कालीचरन, दयाराम (36) पुत्र भुज, चतुर कुशवाहा (40), रामदेवी पत्नी चतुर, विनोद कुमार

टूटा पड़ा ई-रिक्शा और सड़क पर खड़ा स्कूल वाहन। अमृत विचार

- घायल छह लोगों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

(26) ई रिक्शा से श्रीनगर आ रहे थे तभी सिद्ध बाबा मंदिर के पास सामने से तेज रफ्तार में आई स्कूल लिखे वाहन ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ई-रिक्शा वाहन में फंसकर घिसातता रहा। बाद में पलट गया।

हादसे में ई रिक्शा में सवार रामकुमार सहित 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर रामकुमार की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई युवक की मौत से मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

घायलों में बाबूलाल, दयाराम, चतुर कुशवाहा, रामदेवी, विनोद कुमार आदि का जिला अस्पताल महोबा में उपचार चल रहा है दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गए।

दुर्घटना के बाद स्कूल वाहन चालक वहां छोड़कर भाग गया। स्कूल वाहन बिना बच्चों को बैठे कहीं जा रहा था पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।

बालिकाओं को कानूनी संरक्षण की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता महोबा

- नारी शक्ति सम्मान सप्ताह के अंतर्गत इंडियन बैंक आरसेटी में कार्यक्रम संपन्न

अमृत विचार। इंडियन बैंक आरसेटी महोबा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति सम्मान सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि महिला किशोर न्यायालय की सदस्य कल्पना ने उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को प्रदत्त कानूनी संरक्षण के बारे में जानकारी दी। साथ ही शोषण के खिलाफ आवाज उठाने की भी सलाह दी।

विशिष्ट अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक सरोज कुमार ने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण स्वरोजागर द्वारा ही संभव है। उन्होंने आरसेटी से प्रशिक्षिण लेकर स्वारोजगार अपनाने पर जोर दिया। कहा कि जहां एक तरफ लोग बेरोजगारी से परेशान है, वहीं दूसरी तरफ आरसेटी महिलाओं को रोजगार दे रहा है। आरसेटी के निर्देश छेदालाल अनुरागी ने कहा कि आरसेटी से यथा संभव मदद प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को पुरुस्कार देकर सममानित किया गया। संस्थान के संकाय सदस्य अरुण कुमार उपाध्याय, गेस्ट फेकल्टी की शबनम खान, साधना, श्रुतिका शुक्ला, अंशु शिवहरे, वरिष्ठ कार्यालय सहायक अशोक साहू, राहुल कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, शिवकुमार सहित तमाम महिलाएं व प्रशिक्षाणर्थी उपस्थित रहे।

शराब पीकर शिव बरात में शामिल होने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

अमृत विचार। महा शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में कुलपहाड़ कोतवाली परिसर में उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद की अध्यक्षता व पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। इसमें त्योहार आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाली शिव बारात के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

उपजिलाधिकारी ने कहा कि शिव बारात के दौरान यदि कहीं पर किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी हो तो अवश्य बताएं, ताकि समस्या को दूर किया जा सके। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति शिव बारात में शराब पीकर नहीं जाएगा। यदि कोई व्यक्ति शराब के नशे में पकड़ा जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पीस कमेटी बैठक को संबोधित करते एसडीएम।

- एसडीएम ने पीस कमेटी की बैठक में आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने पर दिया जोर

उपजिलाधिकारी ने डीजे संचालकों से तेज आवाज में डीजे न बजाने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से शिवरात्रि पर्व मनाने की अपील की है। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा, सगीर पहलवान, हरगोविंद सैनी, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष राहुल अग्रवाल, शोभित सोनी, दिनेश अग्रवाल, शरद अग्रवाल, जाकिर खान, गनपत कुशवाहा, संजय अग्रवाल सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

64 ग्राम पंचायत की प्रगति रिपोर्ट पढ़कर सुनाई

पनवाड़ी महोबा। विकासखंड पनवाड़ी के ब्लॉक सभागार में वर्ष 2024 -25 की क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी की अध्यक्षता में हुई। इसमें 64 ग्राम पंचायत में किए गए विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पढ़कर सुनाई और अगले वित्त वर्ष से 2024-25 के विकास कार्यों की रूपरेखा बनाई गई।

वहीं बैठक के माध्यम से ब्लॉक प्रमुख ने बैठक में सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अवगत कराया जो भी गांव में अपने-अपने विकास कार्य जो भी है वह उसकी लिखित शिकायत से अवगत कराएं जिसे 2024- 25 के वित्त वर्ष की सूची बनाकर शासन को भेज सकें। संतराम खंड विकास अधिकारी पनवाड़ी, जेई बासुदेव पटेल आदि मौजूद रहे

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व चेयरमैन व उपस्थित महिलाएं। अमृत विचार

बुंदेलखंड में अशिक्षा के कारण महिलाएं पिछड़ीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी शक्ति सम्मान समारोह आयोजित

अमृत विचार। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर वीरभूमि महाविद्यालय में नारी शक्ति सम्मान समारोह मनाया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट प्रदर्शन एवं योगदान के लिए महिलाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि विभा पुरवार ने कहा कि देश भर में विभिन्न क्षेत्रों में पढ़ाई से ही छात्राओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिले तथा उनके लिए समान अवसर सुनिश्चित हो, इस दिशा में कदम मिलाकर हम सभी को तेजी से कार्य करना चाहिए।

एबीवीपी कि प्रांतीय मंत्री शिवा राजे बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड की महिलाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है। यहां पर महिलाओं की शिक्षा प्रतिशत कम होने के कारण वह तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रही हैं। कहा कि देश की तरक्की में महिलाएं भी पुरुषों के साथ आगे आएं। अब महिलाएं किसी भी मायने में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। बुंदेलखंडश में अभी भी महिलाएं पुरानी परंपराओं के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही हैं।

नगर पालिका परिषद महोबा की पूर्व अध्यक्ष दिलाशा तिवारी ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना चाहिए। कर्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वीरभूमि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील बाबू ने कहा कि महिलाएं अपनी शक्ति की भूमिका को और अधिक बढ़ाकर देश को विकसित की श्रेणी में लाने में अहम भूमिका निभाग सकती है। इस मौके विशिष्ट अतिथि ब्रम्हाकुमारी से साधना, ग्राम उन्नति संस्थान से कल्पना खरे, किशोर न्याय बोर्ड से कल्पना सोनी, शिव कुमार, ज्योति चतुर्वेदी मौजूद रहे।

400 मीटर दौड़ में अंशुल ने पाया पहला स्थान

महोबा। ब्रह्मानंद एजुकेशन अकदमी इंटर कॉलेज श्रीनगर में नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कबड्डी में देवीशंकर, सुरेंद्र, आसवेंद्र, राजाबाबू की टीम विजयी रही। 400 मीटर दौड़ में अंशुल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो-खो में अंजली विश्वकर्मा, मुस्कान, नंदनी, खुशी की ने बाजी मारी। अंत में विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंधक विजय सिंह लोधी, प्रधानाचार्य अरविंद राजपूत, मयंक श्रीमाली के अलावा युवा केंद्र एनजीओं के रवींद्र अहिरवार, राघवेंद्र वर्मा, जहीर खान आदि मौजूद रहे।

बैठक में बोलते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

सड़क दुर्घटनाएं रोकने के उपायों पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता महोबा

- कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

अमृत विचार। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिह्नित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिह्नित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाएं।

जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरुकता अभियान चलाया जाए। साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके। उन्होंने एआरटीओ को निर्देश दिए कि स्कूल में वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूल वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को न बैठाएं। बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट, सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, समाजसेवी राम जी गुप्ता, दाऊ तिवारी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

फार्मासिस्ट एसो. ने दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- धमकाने के आरोपी दवा विक्रेता पर रिपोर्ट दर्ज करने की उठाई मांग

अमृत विचार। एक दवा विक्रेता द्वारा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी कर रहे फार्मासिस्ट के साथ अभद्रता करने, जान से मारने की धमकी देने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के बावत पीड़ित फार्मासिस्ट ने दवा विक्रेता के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग की है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दवा विक्रेता के खिलाफ रिपार्ट दर्ज न होने पर फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

जिला अस्पताल में फार्मासिस्ट पद पर तैनात अतुल चौरसिया ने कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी कर रहे थे। तभी एक दवा विक्रेता जिला अस्पताल पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। फार्मासिस्ट एसोएशिन ने घटना पर नाराजगी जताते हुए पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने का निर्णय लिया है। साथ ही एसोएशिन ने चेतावनी दी कि यदि दवा विक्रेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन शुरू करेंगे।

योजनाएं बताईं | आंबेडकर पार्क में दिव्यांगजनों का आयोजित किया गया सम्मेलन

भाजपा सरकार दिव्यांगों की हितैषी : त्रिवेदी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ जनपद महोबा का दिव्यांगजन सम्मेलन गुरुवार को आंबेडकर पार्क में संपन्न हुआ। जहां पर बड़ी संख्या में जिले भर के दिव्यांग उपस्थित हुए। सम्मेलन को भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक एवं राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी ने वर्चुअल संबोधित किया। प्रदेश के सहसंयोजक का संबोधन सुनने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से बैठे रहे, जहां पर दिव्यांगों को सरकारी द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

गुरुवार को आयोजित सम्मेलन में मौजूद दिव्यांग। अमृत विचार

प्रदेश के सहसंयोजक ने कहा की दिव्यांगजन स्वाभिमान और आत्मविश्वास के साथ भाजपा के नेतृत्व में काम करें। केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार में सभी सरकारी योजनाओं से दिव्यांगजन लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा जनपद महोबा के अंदर हर मंडल में भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ का संगठन शीघ्र गठित किया जाएगा जिसमें मेधावी दिव्यांगों को शामिल किया जा सके।

दिव्यांगजनों के सम्मान के साथ भाजपा साथ खड़ी है दिव्यांग जनों के लिए होने वाली योजनाओं में कोई भी विभाग लापरवाही न बरते। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत दिव्यांग जनों को अधिकार और कर्तव्य के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम संयोजक शिवकुमार पाठक ने कहा कि भाजपा एकमात्र दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है, जिसने दिव्यांग लोगों को एक मंच पर लाने का काम किया।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली पलट जाने से दुल्हन की मां सहित दर्जन भर घायल

राठ कस्बे से शादी निपटाकर गांव लौट रहे थे दुल्हन पक्ष के लोग

संवाददाता, राठ हमीरपुर

अमृत विचार। कस्बे के एक गेस्ट हाउस से वैवाहिक कार्यक्रम निपटाकर गांव लौट रहे दुल्हन पक्ष के लोगों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली सैना रोड पर महामानव ब्रह्मानंद कॉलेज के पास वाहन क्रॉसिंग के दौरान अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दुल्हन की मां समेत 10 से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। एक वृद्ध की हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर किया गया है।

मझगवां थाना क्षेत्र के टोला खंगारन गांव निवासी बेनी माधव की पुत्री रजनी की शादी बुधवार को राठ कस्बे के गुलाब गार्डन गेस्ट हाउस में थी। सलईया निवासी देवीदीन का पुत्र राहुल बारात लेकर आया था। रात में शादी की सभी रस्में पूरी की गई। गुरुवार को सुबह बारात की विदाई हो गई।

दुर्घटनास्थल पर पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली और घायल बैठी महिलाएं। अमृत विचार

शादी निपटाने के बाद कन्या पक्ष के लोग दोपहर में ट्रैक्टर ट्राली में सामान लादकर वापस गांव लौट रहे थे। ट्रैक्टर गांव निवासी जग सिंह चला रहा था। तभी सैना रोड पर महामानव ब्रह्मानंद कॉलेज के पास वाहन क्रॉसिंग के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। जिससे चीख पुकार मच गई। घटना में रजनी की मां ऊषा, भीम सिंह, दिग्विजय, सीता देवी, त्रिवेणी, संतोष निवासी शाहपुरा झांसी, मुकेश, लक्ष्मी निवासी रैपुरा महोबा, गुड्डी, संतोषी पत्नी पुष्पेन्द्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने सभी घायलों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां संतोष की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने झांसी रेफर कर दिया है।

बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, एक युवक की मौत

मुस्करा (हमीरपुर)। क्षेत्र के खड़ेही लोधन व बसवारी गांव के बीच अनियंत्रित बोलेरो ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना भेज दी है। जनपद महोबा के ग्राम बन्हौरी कलां निवासी आदित्य कुमार शुक्ला 30 पुत्र राजेंद्र शुक्ला अपनी बाइक से हमीरपुर से मुस्करा होते हुए अपने घर जा रहा था। तभी ग्राम खड़ेही लोधन व बसवारी के बीच मुस्करा तरफ से आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने एक दूसरी बाइक को ओवरटेक करते समय उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि बोलेरो द्वारा बाइक सवार को ओवरटेक कर निकालते समय उसे भी टक्कर मारी थी। जिससे बाइक सवार प्रदीप 24 पुत्र चंद्रभान व उसकी बहन व भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने आदित्य को मृत घोषित कर दिया।

वर्षों से जमे दरोगा, सिपाहियों का एसपी ने किया तबादला

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- पांच निरीक्षक व नौ एसआई सहित 11 सिपाही इधर-उधर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिले की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने को लेकर एसपी ने महकमे में बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत एसपी डॉ.दीक्षा शर्मा ने जिले में पांच थाना प्रभारी, नौ एसआई और 11 सिपाहियों को दूसरे स्थान भेजा है।

पुलिस कार्यालय से जारी सूची के अनुसार सिसोलर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह को सदर कोतवाली में क्राइम ब्रांच का प्रभारी बनाया गया है। जबकि एसआई मयंक चंदेल का पुलिस लाइन से सुमेरपुर किए गए स्थानांतरण को निरस्त कर सिसोलर कोतवाली प्रभारी बनाया है। पुलिस लाइन से शशि कुमार पाण्डेय को मुस्करा थाना प्रभारी बनाया। सदर कोतवाली के क्राइम प्रभारी गुलाब चंद सोनकर को कुरारा थाना में क्राइम प्रभारी बनाया है। जबकि पुलिस लाइन से नंदराम प्रजापति को मझगवां थाने का प्रभारी एवं पुलिस लाइन से गायत्री सिंह को महिला थाना का प्रभार सौंपा है। वहीं एसआई अजीत कुमार सिंह को मझगवां से थानाध्यक्ष जलालपुर, एसआई प्रमोद कुमार त्रिपाठी का सुमेरपुर थाना से थाना सिसोलर किए गए स्थानांतरण को निरस्त कर थाना मौदहा का प्रभार सौंपा है। एसआई नीलम देवी महिला थाना से परिवार परामर्श केंद्र राठ का प्रभारी बनाया है। थाना मौदहा के शिव शंकर पाण्डेय को इंगोहटा चौकी प्रभारी, सदर कोतवाली के एसआई हरिशचंद्र चौधरी को कैथी चौकी प्रभारी, एसआई राजबीर सिंह को पुलिस लाइन से सदर कोतवाली, एसआई नागेंद्र सिंह को कैथी चौकी से न्यायालय सुरक्षा, एसआई प्रभुदयाल को पुलिस लाइन से न्यायालय सुरक्षा भेजा गया है। साथ ही मुख्य आरक्षी विद्यासागर शुक्ला को पुलिस लाइन पैरवी सेल, मुख्य आरक्षी विष्णु दयाल पांडेय को पैरवी सेल से न्यायालय सुरक्षा, मुख्य आरक्षी चंद्रेश प्रताप को पुलिस लाइन से सदर कोतवाली हुए स्थानांतरण को निरस्त कर न्यायालय सुरक्षा के लिए भेज दिया है। सिपाही सुनील कुमार को मौदहा से न्यायालय सुरक्षा, सिपाही सर्वेश कुमार सिंह आदि का तबादला हुआ।

सार-संक्षेप



बीएसए को ज्ञापन देते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

डिजिटलाइजेशन के विरोध में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में ऑनलाइन डिजिटलाइजेशन से उत्पन्न हो रही कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर ऑनलाइन उपस्थिति डिजिटलाइजेशन पर रोक लगाए जाने की मांग की। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। जिसमें राज्य कर्मचारियों की भांति शिक्षकों को चिकित्सा व अन्य सुविधाएं दिए जाने, शिक्षकों को ईएल व सीएल अवकाश दिए जाने, परिषदीय विद्यालयों में लिपिक की नियुक्ति किए जाने, शिक्षकों को भी पंचायत, निकाय, विधानसभा व लोकसभा सहित अन्य निर्वाचन में चुनाव लड़ने का अधिकार दिए जाने आदि मांग शामिल है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष धर्म वचन सिंह, जिला मंत्री जय हिंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अकबर अली, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह यादव एवं रमेश चंद्र, टीकाराम, दिनेश सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

शिवरात्रि पर्व को लेकर सजा कोटेश्वर धाम। अमृत विचार

शिव बारात के लिए कोटेश्वर धाम को फूलों से सजाया गया

कुरारा (हमीरपुर)। विकासखंड क्षेत्र के बेरी गांव में शिव बारात को लेकर कमेटी के लोग शिव मंदिर को फूलों से सजाने में लगे हुए हैं। वहीं शिव बारात में शामिल होने वाले बहरूपिया अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए तैयारी में जुटे हुए हैं। विकासखंड क्षेत्र में बेरी गांव में महाशिवरात्रि पर्व में पावन धाम कोटेश्वर मंदिर से शिव बारात निकाले जाने की वर्षों पुरानी परंपरा चली आ रही है। कोटेश्वर धाम कमेटी के सदस्यों ने बताया कि शिव बारात देखने के लिए आसपास के एक दर्जन गांव की महिला और पुरुषों की भीड़ बड़े पैमाने में होती है। शिव मंदिर को फूलों से सजाया गया है। बाहर से आने वाले लोगों को भोजन व रोकने व्यवस्था की जाती है। रात में रामलीला का मंचन होगा। वहीं शंकरपुर गांव में शिव मंदिर में कांवर चढ़ाने वाले शिव भक्तों के रुकने व खाने-पीने की व्यवस्था कमेटी द्वारा सदस्य तैयारी करने में जुटे हुए हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नेतराम निषाद ने बताया कि बाहरी जनपदों के शिव मंदिर में कांवर चढ़ाते हैं।

खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। अमृत विचार

लम्बी कूद व कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में पूर्णिमा ने मारी बाजी

हमीरपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे दो दिवसीय 31वें खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.राजकुमार ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। दूसरे दिन लंबी कूद, बैडमिंटन, कुर्सी दौड़, खो- खो आदित खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। प्रतियोगिता की शुरुआत लंबी कूद से हुई। जिसमें पूर्णिमा ने प्रथम, निशा ने द्वितीय स्थान, संध्या एवं पूनम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में बैडमिंटन प्रतियोगिता में सपना विजेता और पूर्णिमा उपविजेता रहीं। खो-खो प्रतियोगिता में टीम 9 स्टार-(ए) ने पूर्णिमा के नेतृत्व में विजय हासिल की। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में पूर्णिमा ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय व सोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की प्रतियोगिताएं संपन्न होने के बाद समस्त महाविद्यालय परिवार के बीच मैत्रीपूर्ण डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता कराई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.ज्योति यादव ने किया गया। प्राचार्य डॉ.राजकुमार ने कार्यक्रम का समापन करते हुए कहा कि परिश्रम का फल अवश्य मिलता है और इसका कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर डॉ.अशोक, मृदुलता सोनकर, नरेश कुमार, लवकुश कुमार, डॉ.शालिनी, प्रतिभा, ज्ञानवती सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

मां और भाई को वीडियो काल कर युवक ने लगाई फांसी

सुमेरपुर (हमीरपुर)। नदेहरा में एक शराब के लती युवक ने मां और भाई को वीडियो कॉलिंग करके रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेला था। नदेहरा निवासी श्री चंद्र प्रजापति का सबसे छोटा पुत्र दीपू (25) शराब का लती था। बुधवार को देर शाम इसने जमकर शराब पी और घर पहुंच कर मां और भाई को वीडियो कॉलिंग करके आत्महत्या करने की बात कही। इसके बाद इसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां सियादुलारी ने बताया कि पति और दो बेटे राजू और लाला दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। दीपू अकेले गांव में रहता था। वह उसके साथ ही रहती थी। दीपू शराब पीकर आए दिन उनसे मारपीट करता था। उसकी पत्नी एक माह पूर्व मायके चली गई थी। ग्राम प्रधान उदयभान सिंह यादव ने घटना की सूचना परिजनों को दी। गांव पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। मृतक की मां को ग्राम प्रधान ने सांत्वना देकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

प्रदर्शनी के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल। अमृत विचार

विकास की योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन

हमीरपुर। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने मुख्यालय स्थित चौरा देवी मंदिर प्रांगण में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं पर आधारित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में एवं सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, सदर विधायक मनोज प्रजापति, क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत की मौजूदगी में प्रदर्शनी का गुरुवार को समापन किया गया।

समापन कार्यक्रम के दौरान विधुत वितरण खंड के अधिशाषी अभियंता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा किसानों को राहत देने के लिए निजी नलकूपों का बिजली बिल माफ करने की घोषणा को लेकर प्रदर्शनी में कैम्प का आयोजन किया। जिसमे जिले किसानों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। एडीएम न्यायिक नागेंद्र नाथ, नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, विद्युत वितरण खंड के सीए पवन कुमार सहित जनपद के किसान आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

अमृत विचार। क्षेत्र के इचौली मौदहा मार्ग में रेलवे क्रॉसिंग में बने अंडरपास का नवीनीकरण किए जाने से छह माह के लिए रास्ता बंद करने का विरोध क्षेत्र के ग्रामीणों ने किया था। साथ ही रेलवे प्रशासन व स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन देकर समस्याओं से अवगत कराया था। गुरुवार को एसडीएम व रेलवे इंजीनियर ने इचौली गांव पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि गांव के किसानों से बात कर क्रॉसिंग के बगल से रास्ता बनाया जाएगा।

रेलवे प्रशासन यात्रा को सुगम बनाने के लिए रेलवे क्रासिंगों में आवश्यकतानुसार कही अंडरपास तो कही ओवरब्रिज बना रहे है। क्षेत्र के इचौली मौदहा मार्ग में रेलवे क्रॉसिंग में बने अंडरपास का नवीनीकरण किया जा रहा है। जिसमें इस रास्ते को छह माह के लिए बंद कर दिया जाएगा। जिसका विरोध क्षेत्र के ग्रामीणों ने किया

इचौली गांव में ग्रामीणों से बात करते एसडीएम व रेलवे सेक्शन इंजीनियर।

- क्रॉसिंग के बगल से रास्ता बनाकर होगा आवागमन

था और रेलवे प्रशासन व स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन देकर अंडरपास से आवागमन बंद होने वाली परेशानियों से अवगत कराया था। गुरुवार को उपजिलाधिकारी राजेश चंद्रा व रेलवे सेक्शन इंजिनियर ने इचौली गांव पहुंचकर ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों से मिलकर यहां की समस्या जानी। जिला पंचायत सदस्य विपिन पाण्डे ने कहा कि अभी मौदहा कस्बा जाने के लिए 22 किमी का सफर करना पड़ता है। यदि रेलवे क्रॉसिंग बंद हो जाएगी तो ग्रामीणों को 50 किमी का चक्कर काटकर जाना पड़ेगा। जिस एसडीएम ने कहा कि गांव के किसानों से बात कर क्रॉसिंग के बगल से रास्ता बनाया जाएगा। जिससे ग्रामीणों को दूसरे रास्ते से नहीं जाना पड़ेगा। इचौली पुलिस चौकी प्रभारी रिंकू तिवारी, प्रधान अशोक कुमार, गंगादीन वर्मा, नायकपुरवा प्रधान सुनील वर्मा, कोटेदार सुरेन्द्र कुमार शिवहरे, रामविलास शिवहरे सहित इचौली, नायकपुरवा, गुसियारी, अखबई, जिगनौड़ा के ग्रामीण मौजूद रहे।

वॉचर ने वनाधिकारी से वेतन दिलाए जाने की मांग उठाई

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र में बेरी के जंगलों की रखवाली के लिए तैनात वॉचर का 2 सालों से वेतन न मिलने से परेशान पीड़ित वॉचर ने जिला वन अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर वेतन दिलाने की मांग की है।

बेरी गांव निवासी राम जी ने जिला वन अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में कहाकि वह वर्ष 2003 से बेरी वन रेंज में वॉचर के पद पर तैनात रह कर रात दिन जंगलों की देखरेख करता है। बताया कि जून 2022 से अभी तक वेतन नहीं मिला है। जिस वजह से मेरा परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गया है। जब भी वन अधिकारियों के पास अपने वेतन की मांग करने जाता हूं तो मुझे कुछ न कुछ बहाने बनाकर भगा देते हैं। पीड़ित ने जिला वनाधिकारी से वेतन दिलाए जाने की मांग की है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी दिग्विजय नाथ पांडेय से बात की तो उन्होंने बताया कि उक्त व्यक्ति हमारे यहां कार्यरत नहीं है।

बाइक सवार युवकों ने वृद्ध से की टप्पेबाजी

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कई माह बाद अब टप्पेबाजी की घटना कस्बे में फिर से हुई है। बुधवार को बिरखेरा निवासी एक वृद्ध से बाइक सवार दो युवकों ने दस हजार की टप्पेबाजी कर ली और वृद्ध को रास्ते में उतारकर फरार हो गये।

बिरखेरा निवासी रामगोपाल शर्मा ने बताया कि उसने स्टेशन मार्ग स्थित आर्यावर्त बैंक से 10 हजार रुपये निकाले थे। बैंक से बाहर आते ही दो युवकों ने उसको घर तक छोड़ने की बात कहकर बाइक में बैठा लिया और देवगांव मार्ग की तरफ ले जाने लगे। जब उसने विरोध का प्रयास किया तो उन्होंने धमकाकर चुप करा दिया।

सांसद ने स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर टेका माथा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। हमीरपुर महोबा और तिंदवारी लोकसभा सीट से तीसरी बार भाजपा सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को टिकट मिलने पर भाजपाईयों में खुशी की लहर दौड़ गई। गुरूवार को सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के राठ आगमन पर भाजपाईयों ने सांसद का जोरदार स्वागत किया। चिकासी में सांसद के पहुंचने पर सैकड़ों की तादाद में भाजपाईयों ने पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के गले में माला डालकर स्वागत किया। सांसद सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ स्वामी ब्रहमानंद महाराज की समाधि पर पहुंचे। जहां पर सांसद ने समर्थकों के साथ समाधि पर माथा टेक पुष्प

सांसद के स्वागत के लिए खड़े व्यापारी। अमृत विचार

- हमीरपुर-महोबा- तिंदवारी लोकसभा सीट से टिकट मिलने पर पहुंचे राठ

अर्पित किए।

इसके बाद सांसद का काफिला पड़ाव स्थित पंडित परमानंद, महात्मा गांधी, बजरिया स्थित वीर अब्दुल हमीद की तोप, अंबेडकर चैराहा, उरई रोड़ स्थित दीवान शत्रुघन सिंह समेत अनेक महापुरूषों की प्रतिमाओं पर पहुंच कर माथा टेक श्रद्धासुमन अर्पित किए। चिकासी में उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल के नेतृत्व में रविंद्र अग्रवाल, मनोज

स्वामी ब्रह्मानंद महाराज की समाधि पर माथा टेकते पुष्पेंद्र सिंह चंदेल। अमृत विचार

अग्रवाल, कैलास चंद्र अग्रवाल, अमरजीत अरोड़ा, उमाशंकर गुप्ता पप्पू, शिवशरण सोनी, सुयश भानु शिवहरे, समेत दर्जनों व्यापारियों ने सांसद का स्वागत किया।

वहीं सांसद के साथ विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतराम राजपूत, ब्लाक प्रमुख गोहांड अरविंद मुखिया, महेंद्र शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, इंजी.विजय राजपूत चिकासी, केके गुप्ता बंटी, चौधरी राजेंद्र सिंह लोधी समेत अनेक लोग रहे।

सामूहिक विवाह | सपा के लोकसभा प्रत्याशी अजेंद्र लोधी ने दिया आशीर्वाद

सोलह जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कस्बे के भगवती पैलेस में जय बुंदेलखंड किसान हितैषी सेवा समिति द्वारा सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। समाराह में 15 हिंदू व एक मुस्लिम जोड़े ने एक दूसरे को वर माला पहना कर दांपत्य जीवन की शुरुआत की। मुस्लिम जोड़े का निकाह संपन्न कराया गया।

वैवाहिक समारोह के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी से लोकसभा प्रत्याशी अजेंद्र सिंह लोधी ने सभी नवदंपति को प्रमाण पत्र देते हुए आर्शीवाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी हमेशा से ही गरीब असहायों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का

सामूहिक विवाह समारोह के दौरान दंपति को आशीर्वाद देते अजेंद्र सिंह लोधी व कमेटी के पदाधिकारी। अमृत विचार

प्रयास करती है। सपा ने इसी उद्देश्य को लेकर हमेशा संघर्ष किया है। उनकी सरकार बनने पर सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवदंपति अनुदान के साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जायेगी। इस दौरान पंद्रह नवदंपति ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच व एक मुस्लिम जोड़े ने निकाह कर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। जिला पंचायत सदस्य विमलेश कुमारी, रमाकांत कुटार, अध्यक्ष यादवेंद्र यादव, प्रबंधक मनोज कुशवाहा, उदेश फौजी, उपाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, राजू मुनीम, मनोज महोबा आदि मौजूद रहे।

पड़ोसी को मारपीट कर घायल किया चार पर रिपोर्ट

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बचरौली के मजरा गोकुल डेरा में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने थाने में चार लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के गोकुल डेरा निवासी छोटेलाल ने थाने में दी तहरीर बताया कि बुधवार की शाम में खेतों से घर आया था, तभी पारिवार के ही लालमन ने आकर अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी । शोर सुनकर दूसरे पक्ष के अजीत, भरोसा, अनसुइया आ गए एक राय होकर मारपीट करने लगे। गांव के लोगों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

17वें दिन भी वकील हड़ताल पर रहे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एण्ड प्रैक्टीसिंग बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की परिवार न्यायालय में तैनात पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध चल रही हड़ताल के 17वें दिन गुरुवार को जारी रही।

क्रमिक अनशन के चौथे दिन अधिवक्ताओं ने कहा कि परिवार न्यायालय की पीठासीन अधिकारी आराधना रानी के स्वभाव व कार्यशैली पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। बल्कि अतिरिक्त जबरन पुलिस फोर्स बुलवा कर न्यायालय परिसर में तैनात कर अधिवक्तागणों के ऊपर भय का माहौल बनाया जा रहा है। गुरुवार को अधिवक्ताओं की हड़ताल में शामिल होने के लिए बार काउंसिल ऑफ उप्र के सदस्य व बार काउंसिल ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष अरुण त्रिपाठी एडवोकेट पहुंचे।

उन्होंने अधिवक्ताओं को न्याय

जनपद न्यायालय गेट पर क्रमिक अनशन करते अधिवक्ता। अमृत विचार

- बार काउंसिल ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष अरुण त्रिपाठी ने किया समर्थन

न मिलने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन बनाने का आह्वान किया। वहीं घाटमपुर बार संघ के अध्यक्ष, महामंत्री व अन्य कई अधिवक्ताओं ने आंदोलन में अपनी उपस्थिति दर्ज कर राष्ट्रीय लोक अदालत के बहिष्कार के निर्णय को जायज ठहराया।

इस दौरान अधिवक्ता भगवानदास दीक्षित, महेश प्रसाद गुप्ता, (कैप्टन) यूसुफ, गौतम वर्मा, उदय प्रताप सिंह, महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला, फूल सिंह कुशवाहा, राजेन्द्र वीर सिंह चौहान, गोविन्द राम द्विवेदी, अश्विनी प्रजापति, शैलेन्द्र सचान, अजय पाण्डे, रामदत्त पाठक, वीरेन्द्र यादव, हरपाल सिंह, धमेन्द्र दत्त बाजपेयी, कृष्णचन्द्र सिंह मसजूद खां, आशुतोष सिंह गौर सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

शल्लेश्वर मंदिर में लगा शिलापट आज तक कोई पढ़ न सका

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

अमृत विचार। नगर का श्री शल्लेश्वर मंदिर लोगों के लिए आस्था व श्रद्धा का केंद्र है। चंदेलकालीन इस शिव मंदिर के गर्त में तमाम ऐतिहासिक रहस्य समाए हुए हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पर लगा शिलालेख आज तक कोई पढ़ नहीं सका है। शिव मंदिर का रख-रखाव समिति करती है। महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात का आयोजन होता है। शिवरात्रि व सावन माह में यहां पूजा अर्चन करने वालों का तांता लगा रहता है।

कस्बे के मध्य ऊंचाई वाले इलाके में बना प्राचीन शिवालय श्री शल्लेश्वर मंदिर का निर्माण व इतिहास आज तक उजागर नहीं हो सका है। चंदेलकालीन मंदिर व मठों की तर्ज पर पत्थर के शिलापटों से बने इस मंदिर को भी चंदेलकालीन माना जाता है। मंदिर के गर्भ में भारी भरकम शिवलिंग स्थापित है। इस मंदिर के बारे में यह भी किदवंती कही जाती है। कि कस्बा प्राचीन काल में राजा शल्य की राजधानी रहा है। ऊंचाई वाले व मध्य क्षेत्र में यह मंदिर होने से लोग इसे राजा शल्य के महल का मंदिर भी बताते हैं।

श्री शल्लेश्वर मंदिर में स्थापित शिवलिंग। अमृत विचार

महाशिवरात्रि पर्व पर सजा श्री शल्लेश्वर मंदिर।

मंदिर के मुख्य द्वार पर एक शिलालेख लगा है, लेकिन अथक प्रयासों के बावजूद इसे पढ़ा नहीं जा सका है। लोगों का यह भी दावा है कि मंदिर का शिवलिंग हर वर्ष एक चावल जितना लंबा व मोटा हो रहा है। इसकी प्रमाणिकता शिवरात्रि पर की जाती है। शिवरात्रि के मौके पर होने वाले शिव विवाह में शिवलिंग पर चढ़ने वाला जनेऊ हर वर्ष छोटा पड़ जाता है। मंदिर का रख-रखाव करने वाली शल्लेश्वर मंदिर समिति ने इस मंदिर का नए लुक में भव्य निर्माण करा दिया है। और अनवरत निर्माण कार्य जारी रहता है। शिवरात्रि के समय यहां शिव बारात का आयोजन करीब 50 वर्षो से होता चला आ रहा है। इसका आयोजन हर वर्ष बढ़ रहा है। साल भर यहां पूजा अर्चन व मनौती मांगने वालों का तांता लगा रहता है। सावन के महीने में दूर दराज से कवारियां यहां आकर जलाभिषेक करते हैं। पूरे वर्ष हर सोमवार को यहां कीर्तनों का आयोजन होता है।

- **महाशिवरात्रि पर्व पर आज निकलेगी भव्य शिव बारात**

ब्लाक रोड पर मंदिर से करीब एक किमी दूर एक प्राचीन कुआं है। जिसे शल्लऊ कुआं कहा जाता है। शल्लेश्वर मंदिर से इसका जल मार्ग जुड़ा हुआ है। लेकिन मंदिर में कहा छेद है, यह आज तक कोई ढूंढ नहीं पाया। मंदिर के शिवलिंग पर होने वाले दूध व जलाभिषेक इस गुप्त रास्ते से कुंए में आता है। लोगों की मान्यता है कि इस कुंए में नहाने से चर्म रोग ठीक हो जाते हैं। लोग दैनिक प्रयोग व पीने में भी इस पानी का प्रयोग करते हैं। कस्बे के लोगों ने इसका जीर्णोद्धार करा दिया है। नगर के बूढ़े बुजुर्ग बताते हैं कि मंदिर बहुत प्राचीन है। निर्माण किसने और कब कराया सब कुछ गर्त में है। कोई चंदेलकालीन तो कोई इसे राजा शल्य की राजधानी का मंदिर बताते हैं।

शुक्रवार को विशाल शिव बारात निकाली जाएगी। जिसको लेकर सारी तैयारियां कर ली गई हैं। नगर के चारों ओर प्रमुख रास्तों में सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से बेरिकेटिंग की गई है। वही बड़े मंदिर पर भंडारा का कार्य शुरू हो गया है। शल्लेश्वर मंदिर में रामायण का पाठ करवाया जा रहा है नगर के जगह जगह प्रमुख चौराहों व तिराहों पर स्वागत गेट बनाए गए हैं।

सार-संक्षेप

छात्रा को स्मार्टफोन देते मुख्य अतिथि मुनीर खान व प्राचार्या प्रभा दीक्षित।

स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के खिल उठे चेहरे

सुमेरपुर(हमीरपुर)। कस्बे में संचालित श्री नागा स्वामी बालिका डिग्री कालेज में 131 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। मौजूदा समय प्रदेश सरकार छात्र छात्राओं के पढ़ाई में सहयोग के लिए स्मार्टफोन दे रही है। गुरुवार को कस्बे में संचालित श्री नागा स्वामी बालिका डिग्री कालेज की 131 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए। छात्राओं को मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के लोकसभा प्रभारी मुनीर खान व प्राचार्या प्रभा दीक्षित ने स्मार्टफोन दिए। इस मौके पर मुन्नीलाल अवस्थी, नीरज बाबू सहित कालेज के प्रवक्ता, कर्मी मौजूद रहे।

पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित लोग। अमृत विचार

पीस कमेटी की बैठक, त्यौहारों पर शांति बनाए रखने की अपील

कुठौंद, जालौन। कुठौंद थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णपाल सरोज की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों व रमजान के महीने को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक थाना कुठौंद परिसर में की गई, जिसमें क्षेत्रीय नागरिक, मौलाना, हाजी, व्यापार मंडल के सभी व्यापरीकरण, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। थाना प्रभारी ने अपना सभी को परिचय कराते हुए सभी का परिचय लिया। बैठक कहा कि किसी भी प्रकार की आराजकता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई त्योहार के अवसर पर लड़ाई झगड़ा या किसी भी प्रकार कि आराजकता फैलता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने अपना पर्सनल नंबर बैठक में उपस्थित व्यापारी गण, पत्रकार, प्रधान, व अन्य क्षेत्रीय संभ्रांत व्यक्तियो को अपना नंबर दिया और कहा कि आप लोगों को किसी भी समय हमारी जरूरत पड़ती है तो हमको तुरंत फोन लगाए और होने वाली घटना को रुकवा सकते हैं उन्होंने बताया की फरियादी निश्चित होकर अपनी बात बताएं सभी फरियादियों के साथ न्याय किया जाएगा किसी के दबाव में कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा त्यौहार में जगह-जगह पर पुलिस फोर्स आप सभी की सेवा में तात्पर तैयार रहेगी त्यौहार में किसी प्रकार का कोई हुड़दंग नहीं कर पाएगा यह हम आपको भरोसा दिलाते हैं इसी के साथ इस गोष्ठी को समापन किया गया बाद में आए हुए क्षेत्रीय सम्राट नागरिकों ने ग्राम प्रधानों ने आज की गोष्ठी की सराहना की।

स्वच्छता जागरुकता रैली निकालते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

एनएसएस के छात्रों ने चलाया स्वच्छता जागरुकता अभियान

कुरारा (हमीरपुर)। कस्बे के श्री रामकृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। साफ सफाई कर लोगों को जागरूक किया। कस्बे के श्रीरामकृष्ण परास्नातक महाविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के एनएसएस के छात्र छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें विद्यालय परिसर में साफ सफाई, सूखी पत्तियों को एकत्र कर झाड़ियों की सफाई की गई। इस मौके पर छात्र छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ.हेमंत यूनिट एक, डॉ.रजनी यूनिट दो, डॉ.अंजुलता श्रीवास्तव व अन्य लोग उपस्थित रहे।

अब स्टेटिक टीमों का भी बनेगा चेक पोस्ट : डीएम

लोकसभा चुनाव संबंधी तैयारियों को लेकर प्रशासन कर रहा बैठकें

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का दौर जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बैठक की। इसमें वीडियो निगरानी, लेखा व सहायक व्यय प्रेक्षक की भूमिका पर चर्चा की गई। डीएम ने बताया कि स्टेटिक टीम का भी चेक पोस्ट बनाया जाएगा।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि अधिसूचना जारी होने के साथ ही चुनाव संबंधी काम शुरू हो जाएगा। जिसको जो काम मिले, तत्पर होकर करे। पारदर्शिता और निष्पक्षता का ध्यान रखे। सहायक व्यय प्रेक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बताया कि स्टेटिक टीम का चेक पोस्ट भी बनाया जाएगा।

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी। अमृत विचार

मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाए

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने सेक्टर ऑफीसरों से कहा कि वे स्वीप योजना के अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए की जाने वाली गतिविधि मैं हूं न के तहत नौ व 10 मार्च 4 को प्रत्येक बूथ व वार्ड स्तर पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाएं। जिससे जिन अर्ह व्यक्तियों के नाम दर्ज नहीं हैं, वे पंजीकरण कर लें।

स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि ऑब्जर्वरों के नाम पर उनको भी लेखा दिखाया जाए। वरिष्ठ कोषाधिकारी/ नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अन्वेषण तंत्र रमेश सिंह ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को बताया। इस दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा, सहायक कोषाधिकारी अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

अलग- अलग सड़क हादसे में पांच घायल

मौदहा (हमीरपुर)। क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।

कस्बा निवासी जितेंद्र देर शाम बाइक से जा रहा था, तभी अचानक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी अस्पताल में हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं मुन्ना व रामकुमार बाइक से नगर की ओर आ रहे थे। तभी संतुलन बिगड़ने से गिरकर दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें भी सामुदायिक स्वास्थ्य हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसी तरह सुमेरपुर क्षेत्र के विदोखर गांव निवासी श्याम सुंदर व उसका भाई मुन्ना बाइक से एक शादी समारोह में शामिल होने मौदहा जा रहे थे तभी मकंराव और मौदहा के बीच हाईवे पर संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित गिर गए।

प्रसव कराने के नाम पर नर्सों ने मांगे 2200 रुपये

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- **रुपये नहीं देने पर दी रेफर करने की धमकी**

अमृत विचार। कस्बे के सीएचसी स्थित मैटरनिटी अस्पताल में प्रसव के दौरान नर्सों द्वारा प्रसव के लिए रुपए मांगने का मामला सामने आया है। एक महिला के परिजनों का आरोप था कि प्रसव के लिए ड्यूटी पर तैनात नर्सो ने 2200 रुपये की मांग की। बताया कि रुपए न देने पर रेफर करने की धमकी दी। जिसके बाद उन्हें 2200 रुपये देने पड़े। वहीं इस मामले में नर्सो का कहना था कि उनके ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं।

घटना की जानकारी देता पीड़ित मंगल सिंह।

कोतवाली क्षेत्र के औंता गांव निवासी मंगल सिंह ने बताया कि उसकी बहू ज्ञान पत्नी श्याम बिहारी को प्रसव पीड़ा होने पर उसे सीएचसी के महिला प्रसव वार्ड में भर्ती कराया गया। आरोप लगाते हुए बताया कि डयूटी पर तैनात दो नर्सों ने सुरक्षित प्रसव कराने के एवज में उससे 2200 रुपये की मांग की। जब उसने गरीबी का हवाला देते हुए 2200 रुपये देने में असमर्थता जाहिर की तो दोनों ने साफ तौर पर उसकी बहू ज्ञान को रेफर करने की धमकी दे डाली और कहा कि रुपए तो देने ही पड़ेंगे नहीं तो अपनी बहू को यहां से ले जाओ। उसने मजबूरन 2200 रुपये देकर प्रसव कराया। जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के द्वारा सभी कर्मचारियों को किसी भी सूरत में अवैध वसूली न करने के सख्त निर्देश हैं। लेकिन बावजूद उसके सीएचसी अधीक्षक के आदेश को दरकिनार करते हुए जमकर अवैध वसूली की जा रही है। सीएचसी के अधीक्षक डॉ.अखिलेश का कहना है कि मामले की जांच कर दोषी नर्सों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

10 महीने पहले विवाह कर आई युवती फांसी पर लटकी

राठ(हमीरपुर)

- **मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप**

अमृत विचार। जरिया थाने के मंगरौल गांव में एक नवविवाहिता ने अपने कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगते ही मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। वहीं जरिया थाने की पुलिस मृतका के पति व ससुर को थाने ले गई। वहीं मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

जरिया थाना क्षेत्र के मंगरौल गांव की निवासी नवविवाहिता दीपिका (23) पत्नी विपत पाल ने गुरुवार दिन में अपने कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला को समाप्त कर लिया। जिसके बाद जब नवविवाहित महिला का पति विपत पाल दूध बेंचकर घर वापस आया तो पत्नी दीपिका को फांसी पर लटका हुआ देखकर उसके होश उड़ गये। मृतका के परिजनों ने बताया कि घटना के समय सभी परिजनों विभिन्न कार्यों व खेत पर काम कर रहे थे। तथा घर में महिला दीपिका अकेली थी। वहीं मृतक महिला के मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि मृतका दीपिका का विवाह बीते वर्ष की 10 मई वर्ष 2023 को जरिया थाना क्षेत्र के निवासी विपत पाल के साथ हुआ था। आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त ससुरालीजनों ने नवविवाहिता दीपिका की हत्या कर दी है। वहीं जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर का कहना है कि मृतका के पति व ससुर को हिरासत में ले लिया गया है तथा तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

रंजिश को लेकर घर में घुसे आधा दर्जन युवकों ने महिलाओं को पीटा

राठ (हमीरपुर)। जरिया थाने के इंदरपुरा गांव में आधा दर्जन युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते एक घर में घुसकर महिलाओं को जमकर मारापीटा। घायल महिलाओं को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। पीड़ितों ने तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

इंदरपुरा निवासी अंजनी पत्नी वीर सिंह ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने उसके पति वीर सिंह से झगड़ा करते हुए मारपीट की थी। बताया कि उसके पति शादी समारोह में बाहर गए थे। बुधवार को वह घर में परिवार की महिलाओं के साथ बैठी थी। इसी दौरान गांव का राजकुमार, प्रवेश, करन, जयहिंद, किरसू और सुनील इकट्ठे होकर आए और जबरन उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करना शुरू कर दिया। आरोपियों ने लात घूंसे व लाठियों से मारपीट शुरू कर दी।

छात्रा को स्मार्टफोन देतीं विधायक ओममणि वर्मा व अन्य। अमृत विचार

मोबाइल फोन पाकर 597 छात्राएं हुईं स्मार्ट

नरैनी: कस्बा के पार्वती महिला महाविद्यालय में स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम के दौरान विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने 597 छात्राओं को फोन वितरित किए। बताया कि डबल इंजन की सरकार बेटियों और स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने को प्रतिबद्ध है। फोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

तकनीकी शक्तिकरण योजना के तहत कस्बा स्थित पार्वती महिला महाविद्यालय में गुरुवार को विधायक ओममणि वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, ब्लाक प्रमुख मनफूल सिंह पटेल, महाविद्यालय संस्थापक जमुना प्रसाद पांडेय आदि ने स्नातक 597 छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए। विधायक ने कहा कि मोबाइल फोन से बेटियों को पढ़ाई में स्मार्ट फोन से मदद मिलेगी। छात्राएं तकनीकी रूप से सक्षम होंगी। डबल इंजन की सरकार में बेटियां शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी, सुरक्षा और अंतरिक्ष हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। कालेज प्राचार्य ममता त्रिवेदी ने बताया कि 597 छात्राओं को स्मार्ट फोन दिए गए। ओमप्रकाश पांडेय, उमेश विश्वकर्मा, राजेश पांडेय समेत अन्य शिक्षक व स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।

प्रभु की कृपा से पूजा का सौभाग्य मिलता है

जालौन। प्रभु कृपा होती है तभी लोगों को पूजा का सौभाग्या मिलता है। यह बात श्रीशनि धाम पर आयोजित नवकुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में निर्मोही अखाड़ा अयोध्या से आए महंत दिवेंद्र दास मुख्य ट्रस्टी जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या ने कही। निर्मोही अखाड़ा के महंत एवं जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के मुख्य ट्रस्टी महंत दिवेंद्र दास गूढ़ा न्यामतपुर में श्रीशनिधाम पर चल रहे धार्मिक आयोजनों में पहुंचे। उन्होंने नवकुंडीय रूद्र महायज्ञ में यज्ञ क्षेत्र की परिक्रमा की। इसके बाद शनिदेव की पूजा अर्चना की।

कार्यालय ग्राम पंचायत जखेला विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक / मनरेगा / विज्ञप्ति / 2023–24 दिनांक: 07.03.2024

अल्पकालीन निविदा – सूचना

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म/ सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 12.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत जखेला विकास खण्ड कुरारा में आमन्त्रित की जाती है। जो दिनाक 08.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 12.03.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 12.03.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनाक 08.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत जखेला विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम विकास अधिकारी जखेला के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रु0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर राशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य + टी.टी.	कार्य पूर्ण होने की अवधि	ग्राम पंचायत का पता
1	3	4	5	6	7	8
1	ग्राम पंचायत जखेला मे सीद्गसीद्ग एवं इंटरलांकिग निर्माण कार्य तिलक सिंह के खलिहान के पास	4.70	9404.00	450+50	3 माह	ग्राम पंचायत जखेला
2	ग्राम पंचायत जखेला पुलिया निर्माण कार्य उसरा कुंआ के पास	1.29	2600.00	250+50	3 माह	ग्राम पंचायत जखेला

अन्य शर्तें:–
1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी।
3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में शनियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
8. निविदाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी. 4. टी.5.टी.6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा।
9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नही दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

ग्राम विकास अधिकारी
जखेला वि0ख0
कुरारा (हमीरपुर)

चहके मेधावी | विज्ञान, गणित क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

क्विज में इमलिया के छात्र संतोष ने मारी बाजी

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

अमृत विचार। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के बैनर तले नव वैज्ञानिक बच्चे शीर्षक के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान/ गणित क्विज प्रतियोगिता का ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय इमलिया के छात्र संतोष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर सिंह तोमर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप जलाकर किया। मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य महेश गुप्ता ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करने, प्रयोग के अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान/गणित एवं प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत नव वैज्ञानिक बच्चे थीम पर आधारित ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय इमलिया के छात्र संतोष ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय गुंदेला के रामकिशुन ने द्वितीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय महेरा की छात्रा अर्चना तृतीय स्थान पर रही। सफल छात्रों को जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

स्थान पाने वाली छात्रा को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

कार्यक्रम में नोडल संकुल शिक्षिका आशा त्रिवेदी ने बताया कि प्रतियोगिता कई विद्यालयों के लगभग 50 से अधिक बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर प्रवक्ता रमेश सिंह यादव, मंजीता अहिरवार, शिवशंकर विश्वकर्मा, प्रधानाध्यापक ब्रह्मप्रकाश, अनिल कुमार सोनी, रामबाबू, गजराज सिंह, श्याम सुंदर विश्वकर्मा, रामबाबू चक्रवर्ती, रामकृपाल, मनमोहन सिंह, पूरन सिंह, जयचंद, राममिलन, ह्रदेश आदि मौजूद रहे।

एडीएम ने गल्ला मंडी में स्ट्रांग रूम का लिया जायजा

सुमेरपुर (हमीरपुर)। प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपर जिलाधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए एसडीएम सदर के साथ मिलकर मंडी में बनने वाले स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण किया और मंडी कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने वाहन पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। प्रस्तावित लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखकर अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक के साथ मिलकर गुरुवार को नवीन गल्ला मंडी में बनने वाले स्ट्रांग रूम के साथ पोलिंग पार्टियों के रवाना करने वाले स्थान आदि का निरीक्षण करके मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने गल्ला मंडी के बाहर बनने वाले पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण किया। एडीएम ने मंडी कर्मियों से कहा कि वह सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त करें और व्यापारियों को नोटिस देकर समय पर दुकानें टीनशेड के अलावा कार्यालय गेट के समीप मंदिर के सामने पड़ी गिट्टी बालू आदि को हटवायें। मंडी कर्मियों ने एक सप्ताह में सभी तरह की व्यवस्था दुरस्त कराने का आश्वासन अधिकारियों को दिया है। निरीक्षण के दौरान मंडी समिति के लिपिक राकेश कुमार वर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

स्कूल के वाहन की टक्कर से ग्राम पंचायत सदस्य की मौत

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम, पुलिस ने समझाकर खुलवाया

संवाददाता, माधौगण जालौन

अमृत विचार। बच्चों को स्कूल लेकर जा रही अनियंत्रित स्कूली वाहन ने गुरुवार सुबह अधेड़ को टक्कर मार दी। अधेड़ घर के बाहर मंजन कर रहा था। मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रामपुरा-उमरी मार्ग पर जाम लगा दिया। जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने करीब तीन घंटे बाद ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाया। मैजिक में करीब 17 बच्चे थे, जिन्हें ग्रामीणों ने सुरक्षित निकाल लिया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह 6:30 बजे रामपुरा से 17 बच्चों को लेकर स्कूली वाहन तेज गति से मकटोरा स्कूल जा रही थी, ग्राम टीहर की पहली पुलिया के पास गाड़ी अनियंत्रित हो गई। इधर रोज की भांति अपने दरवाजे के सामने कमलेश प्रजापति पुत्र पुनू 50 वर्ष मंजन कर रहे थे, तभी अचानक स्कूली वाहन के ड्राइवर रविंद्र सिंह से गाड़ी अनियंत्रित हो गई और कमलेश प्रजापति को टक्कर मार दी। मैजिक की टक्कर से कमलेश की मौके पर ही मौत हो गई, मैजिक नाली में जाकर रुक गई। इस पर ग्रामीणों ने स्कूल जा रहे बच्चों को गाड़ी से सुरक्षित बाहर निकल लिया। ग्रामीणों का कहना है कि ड्राइवर काफी तेज गति से गाड़ी चला रहा था। ग्रामीणों ने बताया है कि कमलेश प्रजापति मिट्टी के बर्तन बनाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार गौरव ने परिवार को धैर्य बंधाकर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

घटना के बाद मौके पर जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया

घटना के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए। बच्चों को मैजिक से बाहर निकलने के बाद ग्रामीणों ने रामपुरा-उमरी सड़क पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ड्राइवर हमेसा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर निकलता है। इधर घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत करवाया। उप जिलाधिकारी माधोगढ़ ने दूरभाष से बात होने पर कानूनी कार्रवाई के साथ परिवार को आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

कालपी (जालौन) बीती मध्य रात को कालपी जोल्हुपुर रेलवे ट्रैक में ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कालपी रेलवे स्टेशन के उरई साइड के ऑडिटर सिग्नल व खंभा नंबर 1274/9 में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात्रि को एक युवक के शव के मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। जीआरपी इचार्ज इंद्रवली यादव दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जीआरपी इंचार्ज ने मृतक की जेब की तलाशी ली, तो उसमें मिले कागजात से मृतक की पहचान मुकेश सिंह उर्फ धर्मेंद्र निवासी ग्राम हसनपुर थाना कुठौंद के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक के घर वालों को घटना की सूचना दे दी गई है। समझा जाता है कि यात्रा के दौरान किसी ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है।

दुकानदार ने ग्राहक के साथ की मारपीट

उरई (जालौन)। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर इटौरा में फोटोकापी करवाने गये दलित युवक से पैसे को लेकर विवाद होने पर दुकानदार ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित युवक ने थाने पहुंच कर आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। आटा थाना क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर-इटौरा निवासी दलित पंकज कुमार पुत्र विजय कुमार ने बताया कि गांव में प्रभाकर चतुर्वेदी की फोटो कापी की दुकान है। पीड़ित ने बताया कि वह फोटोकापी करवाने बाद जब पैसे देने लगा तो प्रभाकर ने उससे मार्केट रेट से ज्यादा पैसे मांगे, इस बात पर दोनों में कहासुनी हो गई और दबंग दुकानदार ने उसके साथ लाठी-डंडे से मारपीट की, जिससे उसके सिर से खून भी निकलने लगा। घटना के दौरान आसपास के लोग भी देखने आ गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि घटना के बाद वह स्थानीय चौकी गया तो उसकी वहां कोई सुनवाई नहीं की गई। पीड़ित ने थाना आटा पहुंचकर आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी।

घायल पंकज कुमार।

शिविर में मतदान के लिए शपथ दिलाते अधिकारी। अमृत विचा

महाविद्यालय में मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

अमृत विचार। गांधी महाविद्यालय उरई में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय सामान्य शिविर में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोनू कुमार मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा से परिचित कराया। प्रचार्य डॉ. देवेंद्र नाथ ने कहा कि अपना मत अच्छी सरकार चुनने के लिए करना चाहिए। यह हमारा नैतिक व राष्ट्रीय कर्तव्य है। डॉ सुनीता गुप्ता ने कहा कि हम सभी का वोट कीमती है। इसलिए मतदान अवश्य करना चाहिए। डॉ अरुण सिंह ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और जागरूक मतदाता लोकतंत्र को सफल बना सकते हैं। डॉ रविंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आप मतदान नहीं करेंगे तो हो सकता है कि आपके मत का दुरुपयोग हो जाए, इसलिए मतदान अवश्य करें। तौसिफ मलिक ने कहा कि हमारा मत कीमती है और यदि चुने हुए प्रतिनिधि ने जनता के काम नहीं किये तो जनता स्वयं को ठगा सा महसूस करती है। कार्यक्रम के अंत में मतदान से संबंधित शपथ दिलाई गई एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार ने सभी को मतदान से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ सुमेधा सचान, डॉ केके गुप्ता, डॉ केके त्रिपाठी, हिमांशी वर्मा, काजल सोनी, हिमांशु पाठक, सुमित मोहन दीक्षित सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद थे।

ओवरलोड वाहनों पर हुई कार्रवाई

जालौन। ओवरलोडिगं व अवैध खनन की शिकायतों के बाद विभाग सक्रिय हुआ। गुरुवार को खनन व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाकर कार्रवाई की। टीम ने बालू, गिट्टी व डस्ट के छह ट्रक, ईटा से भरे दो ट्रेक्टरों को पकड़ाहै। जिन पर जुर्माना लगाया जा रहा है। सड़कों पर लगातार ओवरलोड बालू, गिट्टी, डस्ट के ट्रक फर्राटे भर रहे हैं। इसके साथ ही पड़ोसी जनपदों से ईटा से भरे ओवरलोड ट्रैक्टरों का संचालन हो रहा है। ओवरलोड वाहन आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने बंगरा मार्ग व औरैया मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने बंगरा मार्ग पर बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से बालू से भरे तीन, गिट्टी के दो व डस्ट से लदा एक ओवरलोड ट्रक पकड़ा है। टीम ने औरैया मार्ग पर चेकिंग के दौरान ईटा से भरे दो ओवरलोड ट्रैक्टरों को भी पकड़ा है। पकड़े गए सभी आठ ओवरलोड वाहनों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है और टीम ने उन पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। एआरटीओ विनय कुमार पांडेय ने बताया कि चेकिंग अभियान दौरान पकड़े गए वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को पितृ शोक

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

अमृत विचार। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के पिता तुलाराम लम्बे समय से बीमार चल रहे थे, बीतीरात उनका उरई में निधन हो गया।

उधर बृजलाल खाबरी के पिता की मौत की खबर लगते ही राजनैतिक दलों के नेताओं में शोक की लहर दौड़ गई और लोग खाबरी के आवास पर शोकसंवेदना व्यक्त करने के लिए पहुंचने लगे। गुरुवार सुबह बृजलाल खाबरी के पिता तुलाराम का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव खाबरी थाना कैलिया रवाना हो गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर राजनैतिक दलों के नेताओं में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रेहान सिददीकी, गुड्डू रिजवी, सिद्धार्थ दिवोलिया, राजकुमार वर्मा पिपरायां के अलावा दर्जनों की संख्या में कांग्रेसियों ने अंतेष्टि में शामिल हुए। इसके अलावा सपा, बसपा के साथ ही अन्य राजनैतिक दलों के नेता भी अंतिम संस्कार में मौजूद रहे।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के पिता को अंतिम विदाई देने पहुंचे लोग।

संगठन महिलाओं को करेगा सम्मानित

कुठौंद। भारत सनातनी संगठन महिला दिवस पर महिलाओं को सम्मानित करेगा। मिशन अखंड भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि द्विवेदी के द्वारा सभी जिले के जिलाप्रभारी, जिला संयोजक और जिला अध्यक्ष को जानकारी दी गई है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी अपने-अपने जिले में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाकर महिलाओं को सम्मानित करें।

उन्होंने कहा कि जिले के थाना में महिला पुलिस, अस्पताल में महिला डॉक्टर एवं नर्स, महिला सफाईकर्मी इन सभी महिला कर्मचारियों का आप सम्मान करें और उनका हौंसला बढ़ाएं।

सड़क हादसे में घायल छात्रों का करवाया उपचार

संवाददाता,कालपी (जालौन)

अमृत विचार। हाईस्कूल परीक्षा की पाली में गुरुवार को परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों को अज्ञात वाहन ने चपेट में लिया।

दुर्घटना में घायल देख अवर अभियंता ने परीक्षा केंद्र में चिकित्सकों को बुलाकर शिक्षकों की देखरेख में उपचार कराया तथा दोनों परीक्षार्थियों को कुशलता पूर्वक परीक्षा दिलाई गई। घटनाक्रम के अनुसार ग्राम हीरापुर के रहने वाले हाईस्कूल के छात्र उदय सिंह व गुंजन बाबू नगर के एमएसवीइंटर कॉलेज के परीक्षा केंद्र में समाजिक विज्ञान की परीक्षा देने आ रहे थे। यमुना नदी के पुल के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दोनों छात्र बुरी तरह घायल हो गए। रोड से गुजर रहे अवर अभियंता बृजेंद्र सिंह शंखवार ने दोनों परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र लेकर आए विद्यालय में सरकारी चिकित्सक गोपाल जी द्विवेदी को बुलाकर शिक्षक आनंद शर्मा की मौजूदगी में इलाज कराया तथा नए कपड़े पहन कर परीक्षा दिलाई। जब घटना की जानकारी नगर वासियों को हुई तो नगर वासियों ने जेई की खूब प्रशंसा की।

परीक्षा केंद्र के बाहर उपचार करवाते छात्र।

शिविर में 228 रोगियों का किया गया इलाज

कालपी जालौन। जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय कालपी द्वारा तहसील प्रांगण कालपी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकीय टीम द्वारा 228 मरीजों का परीक्षण करके इलाज किया। तहसील प्रांगण में आयोजित शिविर में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने धनवंत्री भगवान पूजन करके शुरू किया। शिविर में डॉक्टर पूर्णिमा चटर्जी द्वारा 228 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर चटर्जी ने कहां के ठंडक के मौसम में सभी नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है उन्होंने बताया कि अगर किसी प्रकार की बीमारी उत्पन्न होती है तो डॉक्टरों की सलाह से दवाइयां का इस्तेमाल करें। शिविर में बृजेंद्र स्वरूप फार्मासिस्ट चिकित्सालय बबीना द्वारा औषधि वितरित की गई ।शिविर में श्रीमती सरिता देवी भ्रत्य एवम स्थानीय लोगो द्वारा पूर्ण संहयोग दिया गया।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

शांति व्यवस्था के लिए तय करें दायित्व: डीएम

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

अमृत विचार। आगामी पर्वों व मेले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक ईराज राजा द्वारा संयुक्त रूप से बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक जालौन, समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बताते चलें कि इसी माह मार्च में हिन्दू और मुस्लिम समाज के त्यौहार एक साथ हैं। डीएम ने कहा कि त्यौहारों पर शांति बनाए रखने के लिए जिम्मेदारियां तय की जाएं।

पुलिस ने तीन जुआरी पकड़े

जालौन। कोतवाली पुलिस लगातार जुआ के खेल को बंद कराने के लिए अभियान चला रही है। सार्वजनिक स्थल पर चल रहे जुआ के खेल पर छापामारी कर जुआ खेल रहे तीन लोगों को पकड़ा गया। इनके पास से पुलिस ने 10900 रुपये बरामद किए हैं।

कोतवाल विमलेश कुमार, एसआई सर्वेश कुमार की टीम ने मेला ग्राउंड परिसर में चल रहे जुआ के खेल पर छापामारी की। छापामारी कर पुलिस ने मौके से जुआ खेलते हुए नफीस तोपखाना, किशुन प्रसाद घुआताल व राजकुमार बालमभट्ट को पकड़ लिया, इस दौरान वहां हड़कंप मच गया। पुलिस टीम ने तलाशी में जुआ के फड़ से 10 हजार रुपए व जामा तलाशी के दौरान 900 रुपये बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कालपी के चेयरमैन भाजपा में शामिल, समर्थकों में दिखा जोश

संवाददाता, कालपी

अमृत विचार। कालपी के नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरविंद यादव ने 6 मार्च को लखनऊ में भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष भाजपा की पट्टिका पहनकर भाजपा का दामन थामा था। गुरुवार दोपहर लखनऊ से बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में आए तो उनके समर्थकों ने जयश्री राम, भाजपा जिंदाबाद, अरविन्द यादव जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। स्वागत करने वालों में जय खत्री, दीपक धवन, हरिशंकर गुप्ता, बल्ली पुरवार, यतेन्द्र राजावत, दीपू राजावत, नारायण द्विवेदी, धर्मेन्द्र पाल, नीलू महाराज, राजेन्द्र यादव, नवीन गुप्ता, आशीष यादव, गंगाराम प्रजापति, चंद्रप्रकाश पुरवार, एस पी महेवा, विशाल माथुर राकेश यादव, आदि उपस्थित रहे उसके उपरान्त राम वाटिका गेस्ट हाउस में मिलन समारोह हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष भाजपा उर्विजा दीक्षित व पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बृजभूषण सिंह मुन्नू ने की और नगर पालिका परिषद अध्यक्ष को भा जपा की पटिक्का पहनाकर कर कहा भाजपा परिवार हमेशा आपके साथ है भाजपा का नारा है सबका साथ सबका विकास इस मौके पर मंच पर पुस्पेंद्र सेंगर, भारत सिंह यादव नगर अध्यक्ष भाजपा, अशोक बाजपेई, अमित पांडेय आदि मौजूद थे।

भाजपा का झंडा पकड़ते कालपी चेयरमैन अरविंद यादव। अमृत विचार

सार-संक्षेप

बीडीओ कार्यालय में दलालों का जमावड़ा, पत्रकार से बदसलूकी

माधौगढ़ जालौन। विकासखंड माधौगढ़ में तैनात खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा के कार्यालय में दलालों का बोलबाला और जमावड़ा रहता है। जबकि केंद्र सरकार व राज्य सरकार गरीबों व महिलाओं के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है लेकिन कुछ दलाल अधिकारियों को अपने प्रभाव में लेकर अपनी मनमर्जी से कार्य करवाते हैं। यहां तक की कार्यालय में पत्रकारों से भी बदसलूकी होती है। खंड विकास अधिकारी को इतना टाइम भी नहीं मिलता है कि वह शिकायतकर्ताओं से मिल सकें।

महिला से पड़ोसी ने की मारपीट

जालौन। दरवाजे के बाहर सफाई कर रही महिला के साथ पड़ोसी युवती ने गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा निवासी रसीद खां ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी मरीना घर के बाहर साफ सफाई कर रही थी। उनके पड़ोसी में रहने वाली तमन्ना पत्नी से रंजिश मानती है। रंजिश के चलते तमन्ना उनके यहां आई और सफाई कर रही पत्नी के साथ गाली गलौज शुरू कर दी। पत्नी ने जब समझाना चाहा तो उसने हाथापाई शुरू कर दी। जिसमें पत्नी को चोटें आई हैं। पति की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

जालौन। कोतवाली पुलिस ने उरगांव के पास से एक युवक को शराब सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। कोतवाली में तैनात एसआई ओंमकार सिंह ने उरगांव के पास से संदिग्ध अवस्था में जा रहे युवक आकाश उर्फ आदर्श निवासी पहाड़पुरा को रोककर जब उसकी जामा तलाशी ली तो उसके पास से पुलिस ने प्लास्टिक की बोतल में 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

शिलान्यास तीन करोड़ से होंगे काम, पहली किस्त के तहत 152 लाख का बजट आवंटित

किलाघाट और व्यास मंदिर का होगा कायाकल्प

संवाददाता, कालपी (जालौन)

अमृत विचार। कालपी क्षेत्र के पौराणिक और धार्मिक महत्व वाले किलाघाट और व्यास मंदिर का कायाकल्प किया जाएगा। विधायक की पहल पर पर्यटन विभाग के द्वारा 3 करोड़ की परियोजना को मंजूरी देकर कार्यकारी संस्था को 152 लाख रुपये बजट भी उपलब्ध करा दिया गया है तथा पूजन के साथ शिलान्यास किया गया।

यमुना नदी के तट में स्थित किलाघाट तथा प्राचीन वेद व्यास मंदिर में संरक्षण के अभाव से हालत संतोषजनक नहीं थे। इसी को दृष्टिगत रखते हुए विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री तथा पर्यटन विभाग के अधिकारियों को मामला संज्ञान में पहुंचाया। शासन के विभागीय उपसचिव राजेंद्र प्रसाद ने महानिदेशक पर्यटन उ.प्र. एवं संबंधित अधिकारियों को शासकीय पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि किलाघाट के पर्यटन विकास एवं सुंदरीकरण हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति कर दी गई है। गुरुवार को कार्यकारी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के अधिकारियों के द्वारा विधायक विनोद चतुर्वेदी की मौजूदगी में पूजन करके काम शुरू कर दिया गया है। ज्ञात हो कि कालपी के धार्मिक एवं पारिवारिक स्थलों के विकास के लिए लंबे समय से नगर वासियों के द्वारा मांग की जा रही थी। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों परियोजनाओं के लिए डेढ़-डेढ़ करोड रुपए की शासन से स्वीकृति मिली है। पहली किस्त के रूप में 152 लाख रुपए आवंटित कर दिए गए हैं। गुरुवार को दोनों यमुना नदी तट में व्यास क्षेत्र में परियोजनाओं का विधायक विनोद चतुर्वेदी, पर्यटन विभाग के इंजीनियर शिवम तिवारी, अरविंद राठौर, वृहमा सिंह यादव, शिवम यादव, शिलान्यास भी किया गया है।

व्यास मंदिर में पूजन करते विधायक विनोद चतुर्वेदी। अमृत विचार

- विधायक की पहल पर हो रहा पौराणिक एवं धार्मिक महत्व के स्थलों का सुंदरीकरण
- उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड कराएगा सारा काम

कृष्णपाल सरोज बने कठौंद थाना प्रभारी

कुठौंद जालौन। सरकार की मनसा के अनुरूप अपराधियों पर अंकुश लगाया जाएगा। यह बात कुठौंद थाने का कार्यभार संभालने के बाद थानाध्यक्ष कृष्णपाल सरोज ने पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि गरीबों एवं असहाय लोगों को न्याय दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। अपराधी कितनी भी पहुंच वाला क्यों न हो, उसे किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। अपराधी का स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा। नवनियुक्त थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्णपाल सरोज इससे पहले कई कोतवाली व थानों का कार्यभार संभाल चुके हैं। उन्होंने अपने 25 वर्ष के कार्यकाल में कई इनामी आरोपियों को जेल भेजा है। वह अपनी तेज तर्रार छवि जाने जाते हैं।

कृष्णपाल सरोज।

महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में लगी सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी।

विज्ञान प्रदर्शनी में झलका उत्साह

संवाददाता,जालौन

- महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में लगी प्रदर्शनी

अमृत विचार। महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज में विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें ग्लोबल वार्मिंग को लेकर बनाए गए प्रोजेक्ट को उपस्थितजनों ने जमकर सराहा। महाराणा प्रताप साइंड एकेडमी में आयोजित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में प्रबंधक मंगल सिंह चौहान ने कहा कि प्रोजेक्ट के माध्यम से बच्चे जो सीखते है उसे अपने जीवन में भी करने के लिए भी प्रेरित होते हैं। किताबी ज्ञान के साथ ही उन्हें सीखने का भी हुनर मिलता है जिससे शिक्षा और भी दिलचस्प हो जाती है। बच्चों ने जिस प्रकार से विज्ञान प्रोजेक्ट में अपने कौशल का प्रयोग किया है वह सराहनीय है। आगे उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में और भी अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रदर्शनी में हर्षिता, अंशिका और वंशिका द्वारा ग्लोबल वार्मिंग को दर्शाता हुआ प्रोजेक्ट वहां मौजूद लोगों ने जमकर सराहा। दिन और रात कैसे होते हैं इसको लेकर सावन्या सेंगर व जयंती ने प्रोजेक्ट बनाया। दीक्षा, संध्या व महक ने ज्वालामुखी कैसे कार्य करता है, नैंसी व कीर्ति ने पवन ऊर्जा, प्रिंसी ने चंद्रयान तीन, तरूण गोयल ले पृथ्वी संरक्षण, वंश सक्सेना ने वायु प्रदूषण, आशीष, लवकुश व प्रिंस ने सूर्य ग्रहण व चंद्रग्रहण, आदित्य प्रताप व अमन ने सौर्य ऊर्जा, मानस व देवांश ने पवन चक्की, राज गुप्ता ने लेजर लाइट के मॉडल बनाए।

मजदूरों के गांव में ठेकेदार के परिवार का खासा वर्चस्व

बीहड़ की जिंदगी

बृजेश श्रीवास्तव, कानपुर

- ठेकेदार पति के जेल जाने के बाद भी रुतबा कम नहीं
- पति से ज्यादा गांव वालों पर बीवी का दबदबा कायम

अमृत विचारः घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में दो किशोरियों को जबरन बीड़ी-शराब पिलाने, फिर गैंगरेप करने और अश्लील वीडियो बनाने के बाद दोनों किशोरियों की पेड़ पर लाशें टंगी मिलने की सनसनीखेज घटना से गांव वाले सन्न हैं। जिस ठेकेदार और उसके बेटे व भांजे ने इस वारदात को अंजाम दिया, उसका पूरे गांव में वर्चस्व कायम है। ऐसा वर्चस्व कि कोई उसके खिलाफ जुबान खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। खास बात यह है कि अकेले ठेकेदार ही नहीं, गांव वालों में उसकी बीवी का खासा दबदबा है।

पहले बरौली के ईंट भट्ठे में गैंगरेप और फिर दोनों किशोरियों की 29 फरवरी को बेरी के पेड़ पर लाशें टंगी मिलने के बाद बुधवार को एक किशोरी के पिता द्वारा गांव में आत्महत्या करने से यह मामला लगातार सुर्खियों में है। हमीरपुर जिले के सिसोलर थाना क्षेत्र के जिस गांव का मजदूर परिवार है, वह अति पिछड़ा इलाका है। बांदा जनपद का यह सीमावर्ती गांव केन नदी के किनारे बीहड़ में स्थित है, जहां तक पहुंचने के लिए सलामत रास्ता तक नहीं है। मौदहा से करीब 35 किलोमीटर दूर इस गांव में सिर्फ निषाद बिरादरी के ही लोग रहते हैं। करीब 200 घरों वाले इस डेरा में लगभग 300 मतदाता हैं।

गांव के ज्यादातर लोग अनपढ़ हैं और मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं। इनमें अधिकांश लोग भट्ठों में ईंट पथाई का काम करते हैं और ज्यादातर अपने गांव से दूर भट्ठों में ही परिवार के साथ दिन गुजारते हैं। अनपढ़ और गरीबी का फायदा उठाकर ही गांव का ठेकेदार रामरूप निषाद इनका शोषण करता है। उसके इस काम में पहली पत्नी का बेटा रज्जू और भांजा संजू हाथ बंटाता है और काम देने के नाम पर गांव वालों पर दबदबा बनाकर रौब गांठता है। यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है।

यूं कह सकते हैं कि निषादों के डेरा में सबसे धनाड्य होने के कारण ठेकेदार रामरूप और उसके परिवार की तूती बोलती है। जो उसके हिसाब से नहीं चलता, उसे काम नहीं देता है, जिससे मजबूरी में गांव वाले उसके इशारों पर नाचते हैं। उसकी नामौजूदगी में उसकी बीवी गांव वालों पर दबदबा बनाए रखती है। उसका इस कदर वर्चस्व है कि गांव वाले उसके सामने भी मुंह खोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। जो विरोध करने की जुर्रत करता है, उसके खिलाफ थाने और पुलिस अधिकारियों तक फर्जी शिकायत कर इतना परेशान कर देती है कि लोग अपना मुंह बंद रखने को मजबूर हो जाते हैं। यही उसने किशोरी के पिता के साथ करने की कोशिश की, जिससे आहत होकर उसने कानूनी लड़ाई लड़ने के बजाय मौत को गले लगा लिया।

ठेकेदार ने पत्नी की मौत के बाद की दूसरी शादी

मजदूरों के ठेकेदार रामरूप निषाद की पहली पत्नी की करीब 15 साल पहले मौत हो गई थी। उससे एक लड़का रज्जू (गैंगरेप का आरोपी) और दो बेटियां हैं। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने निर्मला से दूसरी शादी की, जिससे तीन लड़के और एक लड़की है। करीब 35 वर्षीया निर्मला ही गांव में परिवार संभालती है और पैसे के दम पर गांव वालों को दबाकर रखती है। उसकी जुबान ऐसी है कि लोग अपना मुंह बंद रखने को मजबूर रहते हैं। उसकी आदतों और हरकतों के पारिवारिक लोग भी नाखुश हैं, लेकिन उसके दबदबा के आगे शांत रहकर सब कुछ बर्दाश्त करने को मजबूर हैं।

एडवांस रुपये देकर गांव वालों को बनाता बंधुआ

गांव वालों का कहना है कि ठेकेदार रामरूप निषाद लोगों की गरीबी का फायदा उठाता है। वह मजदूरीपेशा लोगों को एडवांस में रुपये देता है और फिर उन्हें बंधुआ बनाकर अपना गुलाम बना लेता है। कर्ज में दबे मजदूर हमेशा अपना मुंह बंद रखने को मजबूर हो जाते हैं। मजदूरों से ईंट भट्ठों में लगातार काम लिया जाता है। साल में सिर्फ होली और दीपावली पर ही गांव जाने की छूट मिलती है। ईंट भट्ठा मालिकों से ठेकेदार रामरूप ही पूरी रकम लेता है और फिर मजदूरों को अपने हिसाब से मेहनताना का भुगतान करता है। बिना काम बीच की कमाई से ही वह मालामाल रहता है और गांव वालों पर रुतबा बनाए रखता है।

पुलिस ने गांव वालों से घटना के बारे में छानबीन की। अमृत विचार

गांव में किया गया अंतिम संस्कार

गैंगरेप का शिकार एक किशोरी के पिता द्वारा बुधवार को आत्महत्या किए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिवार के सुपुर्द कर दिया। शव को गांव ले जाया गया। पीड़ित परिवार के हालात देखकर ग्राम प्रधान जगतपाल सिंह ने मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया और अपने निजी ट्रैक्टर से लकड़ी भिजवाई। इसके बाद गांव के किनारे शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान सिसोलर पुलिस भी मौजूद रही। अंतिम संस्कार के दौरान गांव वालों में ठेकेदार के खिलाफ गुस्सा था, लेकिन भय इतना कि कोई कुछ बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था।

अभी भी किसी के गले नहीं उतर रही खुदकुशी की बात

किशोरियों की हत्या की बात कह रहे लोग, पोस्टमार्टम रिपोर्ट दबाने से गहराया शक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचारः घाटमपुर क्षेत्र के बरौली के ईंट भट्ठे में जबरन बीड़ी-शराब पिलाने, फिर गैंगरेप कर वीडियो बनाने और बाद में दोनों किशोरियों की बेरी के पेड़ में लाशें लटकी मिलने के बाद से ही पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। आत्महत्या की बात किसी के गले नहीं उतर रही है। पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम रिपोर्ट को दबाने से शक और गहरा रहा है।

परिवार वालों की नामौजूदगी में 14 और 16 वर्षीया किशोरियों की इज्जत के साथ जिस तरह खेल खेला गया और फिर दूसरे दिन दोनों की जिन हालात में कांटों भरे बेरी के पेड़ में एक ही दुपट्टे से दोनों की लाशें लटकी मिलीं, उसने हर किसी को हिलाकर रख दिया, लेकिन इस पूरे मामले में पुलिस ने जितनी जल्दबाजी दिखाई, उसी का ही नतीजा रहा कि एक किशोरी का पिता मौत को गले लगाने के लिए मजबूर हो गया। पुलिस ने गैंगरेप, अश्लील वीडियो बनाने और बीड़ी-शराब पिलाने की बात तो स्वीकारी, लेकिन आत्महत्या मानकर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में जितनी जल्दबाजी दिखाई, वह पुलिस की भूमिका पर लगातार सवाल उठा रही है। पुलिस अफसरों ने बराबर आत्महत्या की ही बात दोहराई। अभी भी पुलिस के अधिकारी इस मामले में उठ रहे सवालों के सीधे जवाब देने से कतरा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। पुलिस का सबसे ज्यादा जोर केस की जांच करने में नहीं, बल्कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को दबाने में है।

पुलिस की भूमिका और धमकियों से टूट गया पिता

वारदात के बाद पूरा परिवार गांव चला गया, जहां उसे समझौता करने की धमकियां मिलने लगीं। एक तरफ समझौते के लिए धमकियां दूसरी ओर पुलिस की ओर से सुरक्षा और न्याय की कोई उम्मीद नहीं दिखने पर ही एक किशोरी का पिता आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गया।

बच रहे पुलिस अफसर

घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह का कहना है कि इस पूरे मामले की रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बारे में विवेचक ही कुछ बता सकते हैं, जबकि विवेचक खुर्शीद अहमद का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर अधिकारी ही जानकारी दे सकते हैं।

राहुल गांधी ने ट्वीट कर भाजपा सरकार को घेरा

बेटी बचाओ का नारा देने वाली डबल इंजन सरकार में दो बेटियों के साथ हुई दरिंदगी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा है कि नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकारों में हो रहे 'डबल अन्याय' को इन दो घटनाओं से समझिए, जहां यूपी में दो बहनों ने अपने साथ हुए दुष्कर्म के बाद फांसी लगा ली, अब न्याय न मिलने और मुकदमा वापस लेने के दबाव पर उनके पिता को भी फांसी लगानी पड़ी, डबल इंजन की सरकार में न्याय मांगना गुनाह है।

इस मामले को गंभीरता से लेते मौदहा क्षेत्राधिकारी और सिसोलर थाना प्रभारी को मौके पर भेजा गया था। दो के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

–दीक्षा शर्मा, एसपी हमीरपुर

ठेकेदार की बीवी बेटी पर केस

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचारः गैंगरेप की शिकार किशोरी के पिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में ठेकेदार की बीवी और बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है। आरोप है कि गैंगरेप के मुकदमे में समझौते का दबाव डालने के लिए एक दिन पहले ठेकेदार की बीवी उसके घर पहुंची थी और सुलह नहीं करने पर दुराचार में फंसाने की धमकी दी थी। इसी से आहत होकर उसने जान दे दी।

करीब एक सप्ताह पहले ईंट भट्ठे में किशोरियों के साथ गैंगरेप और फिर मौत के गम में डूबा पिता अपने आपको संभाल भी नहीं पाया था कि उसके ऊपर मुकदमे में समझौता करने का दबाव पड़ने लगा था। इस मुकदमे में ठेकेदार रामरूप, उसके बेटे संजय उर्फ रज्जू और भांजे संजू के जेल जाने के बाद उसके परिवार ने पीड़ित परिवार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया था। इधर, पुलिस ने भी आरोपियों को जेल भेजने के बाद अपनी जिम्मेदारी से पल्लू झाड़ लिया था, जिससे परिवार मानसिक रूप से पूरी तरह टूट गया था।

पीड़ित परिवार को मुकदमे में राजीनामा करने की लगातार धमकियां मिल रही थीं। परिवार वालों का कहना है कि पांच मार्च को आरोपी ठेकेदार रामरूप की पत्नी निर्मला पीड़ित परिवार के घर आई और मुकदमे को वापस लेने की धमकी देने लगी। इतना ही नहीं, मुकदमा वापस नहीं लेने पर दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर गई थी। इसी से आहत होकर अगले दिन बुधवार को एक किशोरी के पिता ने गांव के बाहर पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

सिसोलर पुलिस ने बेटे की तहरीर पर ठेकेदार रामरूप की पत्नी निर्मला, उसकी बेटी के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

दो दिन से गांव में सिसोलर थाने की पुलिस दस्तक दे रही है। अमृत विचार

उधारी मांगने पर रेप का दंश झेलता रहा प्रताप

गांव का प्रताप बताता है कि उसके नलकूप से ठेकेदार रामरूप अपने खेतों की सिंचाई करता था। सिंचाई का करीब सात हजार रुपये उधार हो गया तो उसने पैसे की मांग की। मामूली विवाद हुआ तो ठेकेदार की पत्नी अपने कपड़े फाड़ कर थाने पहुंच गई और दुराचार का आरोप लगाया। प्रताप दो साल तक अपने को निर्दोष साबित करने के लिए जूझता रहा। वह कहता है, अगर पुलिस ने सच्चाई का साथ नहीं दिया होता तो आज वह जेल में सड़ रहा होता।



न विश्वसेत्कुमित्रे च मित्रे चापि न विश्वसेत्।
कदाचित्कुपितं मित्रं सर्वं गुह्यं प्रकाशयेत् ॥

कुमित्र पर विश्वास नहीं करना चाहिए और मित्र पर भी विश्वास नहीं करना चाहिए। कभी कुपित होने पर मित्र भी आपकी गुप्त बातें सबको बता सकता है।

संपादकीय

विकसित जम्मू-कश्मीर

जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है और विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन की संभावनाओं और किसानों के सशक्तिकरण से निकलेगा। भारत के लिए विकसित जम्मू-कश्मीर सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। विकास की शक्ति, पर्यटन की संभावनाएं, किसानों का सामर्थ्य और जम्मू-कश्मीर के युवाओं के नेतृत्व से विकसित जम्मू-कश्मीर का रास्ता निकलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में रैली के दौरान 6400 करोड़ की 52 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ व लोकार्पण किया। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पीएम मोदी की कश्मीर घाटी की पहली यात्रा रही। उन्होंने कहा कि 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लिए लोगों को गुमराह कर रहे थे। अब युवा प्रतिभाओं का पूरा सम्मान हो रहा है और उन्हें विकास के लिए नए अवसर मिल रहे हैं। इस बीच सरकार जम्मू-कश्मीर को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में विकसित करने में लगी रही है जिसे वह आतंकवाद और भ्रष्टाचार से शांति और स्थिरता की ओर ले आई है। रैली के दौरान जो विकास परियोजनाएं समर्पित की गईं, उनसे कृषि अर्थव्यवस्था और पर्यटक उद्योग को गति मिलेगी। जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। रोजगार सृजन होगा जिससे जम्मू-कश्मीर के लाखों परिवारों को लाभ होगा। उधर लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा की संभावना को लेकर विपक्षी दलों के बीच नए सिरे से राजनीतिक दिलचस्पी पैदा हो गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि वे हर मुद्दे को चुनावी कैनवास के केंद्र में ले आते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ने श्रीनगर रैली के दौरान चुनाव के बारे में कुछ भी उल्लेख नहीं किया। परंतु उन्होंने परिवारवाद के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा जम्मू-कश्मीर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा शिकार रहा है। वे राजनीतिक लाभ के लिए पीड़ित होने का उपयोग बेहतर तरीके से कर जाते हैं। यह सच है कि विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता नहीं है जो प्रधानमंत्री मोदी के कद की बराबरी कर सके। कहा जा सकता है यह रैली भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन साबित होगी।

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्य

डॉ.कृष्णा नन्द पाण्डेय
वरिष्ठ विज्ञान लेखक, दिल्ली

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे।

प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर दुनिया भर के सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी देशों में महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, कामकाजी महिलाओं के प्रति भेदभाव, यौन हिंसा एवं प्रताड़ना जैसी विषम परिस्थितियों के परिणामस्वरूप उनकी पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक कठिनाइयां को दूर करने के लिए नियम और कानून हैं। उनके बावजूद विश्व की बड़ी संख्या में महिलाएं शोषण का शिकार बनती रही हैं। इस अवसर के लिए विशेष निर्धारित थीम के अनुरूप दुनिया भर में महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके स्वास्थ्य तथा उनकी सामाजिक-आर्थिक समस्याओं के विषय में उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस वर्ष भारत सरकार के वार्षिक बजट में देश की किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य और शिक्षा पर निवेश करने का प्रावधान किया गया है। किशोरवय लड़कियों को सशक्त और सक्षम बनाने के प्रयास उनकी मौलिक दक्षता और डिजिटल साक्षरता पर केंद्रित होंगे। जिससे उनकी भावी उत्पादकता और डिजिटल संबंधी क्षमता को विकसित करने में सहायता मिलेगी। भारत में किशोरवय के विकास के संबंध में उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मूल्यों और सिद्धांतों के अनुपालन का प्रावधान है। ये नीतियां विभिन्न मंत्रालयों जैसे की शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, युवा एवं खेल, तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा विकसित की जाती हैं।

किशोरवय वर्ग के संदर्भ में प्रमुख नीतियों में सम्मिलित हैं : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017, राष्ट्रीय युवा नीति 2003 और 2014, तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति 2014। इनमें प्रत्येक नीति का उद्देश्य एक दूसरे से जुड़ा और विशिष्ट है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी कहीं-न-कहीं किशोरवय से जुड़े पहलुओं से परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

किशोरवय लड़कियां और उनका स्वास्थ्यः वर्ष 2019-21 के दौरान संपन्न पांचवें 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण' के अनुसार 10 से 19 वर्षीय भारतीय किशोरवय पांच लड़कियों में तीन लड़कियां एनीमिया से पीड़ित हैं जब कि ऐसे लड़कों की संख्या लगभग 28 प्रतिशत है। यह किशोरवय लड़कियों के दीर्घकालिक गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से प्रभावित होने की एक विशेष स्वास्थ्य चुनौती है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास में बाधक हो सकती है।

लौह की कमी से उत्पन्न एनीमिया व्यक्तियों और संपूर्ण आबादी की कार्य क्षमता घटा देती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस स्थिति से उत्पन्न गंभीर आर्थिक संकट राष्ट्र की विकास में बाधक होता है। जर्नल ऑफ़ न्यूट्रिशन में वर्ष 2002 में संपन्न एक अध्ययन पर प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एनीमिया के कारण कठोर शारीरिक श्रम करने वाले मजदूरों की उत्पादक क्षमता में लगभग 17 प्रतिशत और मध्यम श्रेणी के कार्यों से जुड़े व्यक्तियों में 5 प्रतिशत की गिरावट पाई गई। 15 से 19 वर्षीय प्रति 1000 महिलाओं में प्रजनन क्षमता दर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' (2015-16) में 51 से घटकर 'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5' (2019-21) में 43 पाई गई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार 15 से 19 वर्षीय आयु वर्ग की लगभग 6.8 प्रतिशत किशोरवय लड़कियों पर मातृत्व भार पड़ गया था।

'राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4' के अनुसार इस इस आयु वर्ग में पोषण में कमी के कारण बौनापन और शरीर भार कम होने की व्यापकता है। स्कूल जाने वाली लगभग 42 प्रतिशत लड़कियों का शरीर भार कम पाया गया। इस सर्वेक्षण के अनुसार बिहार, झारखंड, गुजरात में देखी गई इस स्थिति से पोषण में क्षेत्रीय असमानता का संकेत मिलता है। भारत सरकार के 'नवीन पोषण अभियान 2.0' के अंतर्गत किशोरवय लड़कियों को पौष्टिक आहार के माध्यम से पोषक तत्वों का संपूर्ण प्रदान किया जा रहा है। बढ़ती आयु की लड़कियों के लिए मासिक धर्म (मेंस्ट्रूअल साइकिल) के दौरान स्वच्छता उत्पादों के प्रयोग में बढ़ोतरी देखी गई है। वर्ष 2015-16 के दौरान इन स्वच्छता उत्पादों का प्रयोग 58 प्रतिशत से बढ़कर वर्तमान में 78 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, देश की सभी किशोरवय लड़कियों के लिए व्यापक रूप से स्वच्छता उत्पादों की उपलब्धता और इससे जुड़ी जागरूकता को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासों की आवश्यकता है। लड़कियों में मानसिक विकारों से जुड़ी आधी समस्याओं की शुरुआत 14 वर्ष की आयु में हो जाती है। पन्द्रह से 19 वर्षीय लड़कियों में मृत्यु का प्रमुख कारण स्वयं को क्षति पहुंचाना अथवा जीवन स्वयं समाप्त करना होता है। भारत के 'राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16' के अंतर्गत 13 से 17 वर्षीय युवा लड़कियों में मानसिक विकारों की व्यापकता लगभग 7.3 प्रतिशत पाई गई थी। लड़कों की तुलना में लड़कियों में तनाव से संबंधित विकारों की व्यापकता अधिक थी। भारत में युवा लड़कियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण पर यूनिसेफ की वर्ष 2019 की रिपोर्ट के अनुसार टीनएजर्स में अवसाद और व्यग्रता जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

लड़कियों की किशोरावस्था में प्राथमिक से सेकेंडरी शिक्षा तथा शिक्षा से कार्य पर जाने जैसी स्थितियां बदलती हैं। उनकी शिक्षा के अवसर में कोताही उनके भविष्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। वर्तमान में भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों में महिलाओं की संख्या लगभग 37 प्रतिशत है, जो जी-20 देशों में सबसे कम है। लड़कियों द्वारा उच्च शिक्षा प्राप्त करना एक कारण हो सकता है, वहीं पर्याप्त ज्ञान, दक्षता और शिक्षा में कमी जैसी स्थितियां दक्ष महिलाओं की संख्या बढ़ने में बाधक हैं। स्कूल छोड़ने वाली किशोरवय लड़कियों की संख्या अभी भी बहुत है। कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भारत की किशोरवय लड़कियों का अध्ययन गंभीर रूप से प्रभावित हुआ था। हालांकि, सरकारी विद्यालयों में लड़कियों की फीस कम होने के कारण कहीं-न-कहीं लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत देश में मातृ, शिशु एवं किशोरवय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जारी कार्यक्रमों में जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रसूति सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'लक्ष्य' योजना, मातृ एवं शिशु ट्रैकिंग प्रणाली, एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गर्भवती एवं दुग्धपान कराने वाली महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों को लौह एवं फोलिक एसिड का संपूर्ण, बच्चों को जानलेवा रोगों से बचाने के लिए व्यापक टीकाकरण (इम्यूनाइजेशन) कार्यक्रम, संपूर्ण टीकाकरण हेतु मिशन इंद्रधनुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, संस्थानगत शिशु जन्म, पोषण, प्रतिरक्षीकरण, आदि पहलुओं पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सूचना, शिक्षा एवं संचार, आदि जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं।

किशोरावस्था की लड़कियों को मानसिक विकारों से बचाने के लिए देश में बड़े पैमाने पर जागरूकता फैलाने और परामर्श देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम और पोषण अभियान 2.0 जैसे कार्यक्रमों की प्रभावी पहुंच के प्रति स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की प्रतिबद्धता है।

देश की प्रगति नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। भारत सरकार की वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के आधार पर देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में स्वास्थ्य से संबंधित अनेक कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें महिलाओं, बच्चों एवं किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में अनेक कार्यक्रम सम्मिलित हैं। 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर किशोरवय लड़कियों के स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता फैलाना प्रासंगिक है।

प्रसंगवश

कुछ अनुसुने किस्से कहानी

मिलेवा मिरका

सोफिया

बीसवीं सदी में जब लड़कों के स्कूल में एक लड़की ने साइंस स्कूल में प्रवेश लिया। बेहतरीन दिमाग इतना शानदार कि सदी का सबसे प्रसिद्ध वैज्ञानिक भी उससे प्रभावित और आकर्षित हो गया। विवाह हुआ और आज हम उस जीनियस लड़की का नाम भी शायद ही कहीं सुनते हो। मैं बात कर रही हूं आइंस्टीन की पत्नी मिलेवा मिरका की जो खुद उसी स्तर की वैज्ञानिक थी जिस स्तर के आइंस्टीन खुद थे। उसका मानसिक स्तर ही आइंस्टीन को उसके पास खींच कर ले गया था। मिलेवा न अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को प्रमाणित कर पाई ,न ही अपने शैक्षिक सामर्थ्य को। और घरेलू मोर्चे पर तो वह थी ही असफल। वह एक अवैतनिक कर्मचारी बन गई जिसे आइंस्टीन नौकरी से निकाल नहीं सकते थे पर बतौर पत्नी उसका कोई स्थान नहीं था।

अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।

> अगला किस्सा ऑस्ट्रिया फिजिसिस्ट मरेटा ब्लाऊ का है, ब्लाउ और उनकी महिला साथी हेर्था और अन्य ने न्यूक्लियर एक्सप्लोजन पर रिसर्च की 1937में। ये सभी विएना में इंस्टीट्यूट ऑफ रेडियम रिसर्च में काम करती थी, पर इन वैज्ञानिकों को कभी भी नियमित वेतन नहीं मिला जैसा कि बाकी वैज्ञानिकों को मिलता था। फलस्वरूप ये अपनी रिसर्च को निरंतर नही कर सकी। इनकी मृत्यु के समय तक इनके द्वारा किए गए रिसर्च वर्क भुला दिए गए थे।



प्रियदर्शिनी दिव्या भारद्वाज
स्वतंत्र विचारक
उझानी, बदायूं

अगला किस्सा जर्मन मूल की स्वीडिश वैज्ञानिक मेंटनर का है जिनका कई बार नोबल के लिए नॉमिनेशन हुआ पर अपने देश स्वीडन जिसके लिए उन्होंने काम किया, उस देश ने उन्हें तवज्जो नहीं दी।

प्रसिद्ध लेखक जिनके नाम से कोई भी साहित्य प्रेमी अछूता नही होगा लियो टॉलस्टाय की पत्नी सोफिया का है , जो खुद एक रशियन राजकुमारी थी। लियो के तेरह बच्चों की मां थी। जो खुद भी एक इंटेलेक्चुअल थी । जिसकी डायरी ने ही उसे पहचान दे दी। पर उसकी व्यक्तिगत क्षमता केवल टॉलस्टाय के उपन्यासों की पांडुलिपियां बनाने में खर्च हो गई।

ये सभी किस्से पाश्चात्य देशों के हैं, जहां से फेमिनिज्म का बीज पड़ा। हर किस्से की एक ही त्रासदी है ; स्त्री की क्षमता को पेटेंट करा लेना। उसे उसके हक की इज्जत न मिल पाना। उसकी क्षमताएं व्यक्तिगत न होकर सामुदायिक हो गई और पहचान शून्य। केवल पश्चिम ही नही भारत आदि एशियाई देशों में हाल और बदतर है। विविध कार्य क्षेत्रों में उपेक्षित नारी प्रजाति को आज भी अपने आत्मोत्थान के लिए बहुत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।

ये स्त्रियां जो आज गिनवा रही हूं, ये सभी अपने क्षेत्र की हस्तियां हो सकती थी, ऐसी ही लाखों स्त्रियां जो अपनी पहचान के लिए भटकती रही और खप गईं। इन्हीं स्त्रियों का संयुक्त प्रयास फेमिनिज्म की चौथी लहर तक पहुंच गया। शायद ये उकसावा ही महिला दिवस मनाने को प्रेरित कर देता है।

भारतीय समाज में फेमिनिज्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को कम मिलता है। हमारा सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचा स्त्री का मूल स्वरूप देवी का बना देता है। ये देवी बनना ही एक फंदा है जहां से भारतीय नारी को निकलने में समय लगेगा। अतः नारी दिवस पर गोलगप्पे की पार्टी से ही भारतीय नारी अभी खुश है ।

स्त्री, स्त्रीवाद और स्त्री-सशक्तिकरण

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

> आम स्त्री के यथार्थ : भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है।

ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपनी पत्नी गार्गी के लगातार सवाल करने पर गुस्से से कहा था, 'ज्यादा पूछा तो तुम्हारा मस्तक फट जाएगा।' प्राचीन युगों की तरह वर्तमान युग में भी स्त्रियां ज्यादा सवाल करने से रोकी जाती हैं। उनके साहस की हद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तरीके से बांध दी जाती है। आमतौर पर वे राष्ट्र में वीरांगना, समाज में धर्म-संस्कृति की मशाल और बाजार में कभी 'कमोडिटी-कभी कंज्यूमर' सब एक साथ हैं। क्या उनके सवालों की हद का निर्धारण स्त्री विमर्श को आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है?

भारत में स्त्रीवाद पश्चिम के गोरे स्त्रीवाद की कार्बन कॉपी है। वह स्त्री-पुरुष असमानता के कुछ रूपों को अनावृत्त करने के बावजूद आम भारतीय स्त्रियों से संवाद करने में सक्षम न हो सका। एलीट मध्यवर्गीय स्त्रियों तक सीमित बौद्धिक संवाद स्त्रीवाद की पहली सीमा है। दूसरी सीमा है, उसकी उग्रता ने देश के दूसरे वंचित समुदायों और विमर्शों से उसका अंतर्संपर्क विकसित होने नहीं दिया, जैसा कि पश्चिमी देशों में चौथी लहर के स्त्रीवाद ने किया। तीसरी सीमा है, स्त्रीवाद की दृष्टि स्त्रियों पर होने वाले अदृश्य अत्याचारों की ओर नहीं गई। इसने पुरुष सत्ता के विस्तृत रूपों और अत्याचारों पर ध्यान नहीं दिया। इस तरह स्त्री विमर्श शैक्षिक-व्यापारिक क्षेत्र में लोकप्रियता के बावजूद वैचारिक स्तर पर एक छोटी बाउंडरी में रह गया।

भारत में स्त्रीवाद मुख्यतः सांस्कृतिक प्रतिनिधित्व या एलीट महत्वाकांक्षाओं की सीढ़ी बन गया है। उस पर अंततः स्त्री की धार्मिक मातृ छवि भारी पड़ गई। इसके तहत स्त्रियों का ध्यान पुरुषसत्तात्मक व्यवस्था से हटा कर 'भिन्नता' की धारणाओं की ओर आसानी से मोड़ दिया गया। ये बातें बार-बार दुहराई जाती हैं- 'गरीबों की उन्नति करनी है', 'स्त्रियों की उन्नति करनी है'। लेकिन गरीबों और स्त्रियों की उन्नति में लगे व्यक्तित्व कभी समझ नहीं पाए कि 'गरीब स्त्रियों' की उन्नति एक अलग मामला है!

आम स्त्री के यथार्थः भारतीय स्त्रियों के यथार्थ विचित्र से भी अधिक विचित्र हैं। वे विविधतापूर्ण भी हैं। इस देश में स्त्री की पहचान 'घर की इज्जत' के रूप में होती है। वह परिवार ही नहीं, जाति, जनजाति और कई बार 'राष्ट्र' के लिए भी 'प्रतिष्ठा चिह्न' बना दी जाती है। उसके आज्ञा पालन की जगह जरा भी बराबरी दिखाने, सवाल करने या अधिक स्वतंत्रता लेने पर उसे 'कुलटा', 'परिवार और जाति की प्रतिष्ठा पर दाग' आदि कहकर अपमानित किया जाता है। इधर संस्कृति की दुहाई देकर भी स्त्रियों को जड़ हो चुके पुराने विश्वासों और रीतियों की ओर लौटाने की कोशिश हो रही है। एक बागेश्वरी बाबा हैं, वे कुआंरी लड़कियों को 'खाली प्लॉट' कहते हैं और स्त्रियां चुपचाप सुनती हैं। स्त्रियों का एक अपना आत्मसम्मान है, आधुनिक गरिमा है और उनमें खुद निर्णय लेने की क्षमता है, अब इन चीजों की जम कर उपेक्षा होने लगी है। ऐसी विडंबनाएं भी हैं कि किसी स्त्री की डाइन छवि निर्मित करने और उसे सजा देने के पुरुषसत्तात्मक सुख में कई बार खुद स्त्रियां शामिल रहती हैं। मीडिया स्त्रियों से मनोरंजन करने के लिए किसी स्त्री की 'डाइन-छवि' बनाता है तो किसी स्त्री की 'वीरांगना-छवि'। ये एक ही पुरुषसत्तात्मक सिक्के के दो पहलू हैं।

आम परिवारों में सामान्यतः वधू 'ग्रेजुएट और गृहकार्य में निपुण' चाहिए! कई लड़कियां जानती हैं कि वे सिर्फ इसलिए पढ़ती हैं कि उन्हें अच्छा वर मिले। दहेज एक बड़ी समस्या है। यह लज्जा की बात है कि 2021 में दहेज न देने पर सताई जा रही 6.8 हजार स्त्रियों ने आत्महत्या की। आज भी शादी से पहले प्रश्न होता है- कितना खर्च करेंगे? एक बिस्कुट कंपनी के विज्ञापन में था-वर को उपहार में ज्यादा से ज्यादा बिस्कुट दें, पैकेट में सोना मिल सकता है! दहेज सभ्य भाषा में उपहार है।

इधर एक नया यथार्थ यह है कि कई लड़कियां खुद 'डिस्टिनेशन मैरेज' की मांग करती हैं, माता-पिता की पर्याप्त क्षमता न हो, तब भी। दूसरी तरफ, आज भी लाखों लड़कियों की शादी 18 साल से कम उम्र में कर दी जाती है। गांवों-कस्बों में माना जाता है कि उनके लिए उच्च शिक्षा जरूरी नहीं है। स्त्रियां बीमार होने पर कह नहीं पातीं कि वे बीमार हैं। रोजगार करने वाली स्त्रियों की स्थिति देखें तो शहरवासी स्त्रियों में वे 21 प्रतिशत से भी कम हैं। बहुत से कामों के लिए स्त्रियों को उपयुक्त नहीं समझा जाता और इनका वेतन पुरुषों की तुलना में कम होता है। इस तरह भी सोचा जाता है कि नौकरियां कम हैं। अतः इनके लिए पुरुष को ही प्रधानता मिलनी चाहिए। इसके अलावा, गरीब और वंचित स्त्रियां आवाजहीन हैं। मध्यवर्गीय स्त्रीवाद की चिंताओं के दायरे में स्त्रियों के यथार्थ का एक बड़ा संसार नहीं है।

सोशल फोरम

हुआ क्या मुझे रे तौबा

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुबहे से अपने भीतर एक गजब का परिवर्तन पा रहा हूं। मुझे हर स्त्री बेहद आकर्षक मालूम पड़ रही है। बेहद। एक भी अपवाद नहीं। क्या हो गया मुझे। इतना आनंद क्यों उमड़ रहा है। सारी स्त्रियां इतनी मोहक कैसे हो उठी हैं। क्यों खिंचा चला जा रहा हूं। किसी देवता ने मुझे कहीं सोमरस तो नहीं पिला दिया है। आह। हुआ क्या मुझे रे तौबा। झूम उठा रे मैं मस्ताना, दीवाना। जाने क्या पिलाया तूने, बड़ा मजा आया।

इसी रसदशा में फेसबुक खोला। मालूम हुआ आज महिला दिवस है। महिलाओं को उनकी ताकत का एहसास दिलाने का दिन। मैं उसी महिला को शक्तिशाली मानता हूं जो पुरुष को अपने अमोघ आकर्षण के बल पर घुटने टेकवा दे और हर सार्थक काम उससे करवा ले। महिला की शक्ति पुरुष-सा होने में नहीं, पूर्ण महिला होने में है। स्त्रियोचित गुण जब पूरी तरह खिल जाएं, तो पुरुष उनके सामने नतमस्तक हो जाते हैं और पुरुषोचित गुण पूर्णतः विकसित हो जाएं, तो उनके समक्ष महिलाएं झुक जाती है। ये दो गुण परस्पर भिन्न हैं। यह भिन्नता ही उनके बीच आकर्षण का कारण है। जहां इन भिन्न गुणों का मिलन होता है, वहीं प्रेम के फूल खिलते हैं। प्रेम से बड़ी कोई शक्ति नहीं। प्रेम करने की क्षमता खोना ही दुर्बल होना है।

वह दिन बहुत बुरा होगा, जब मर्द मौगा हो जाएगा और औरत मर्दानी। मर्दों के गुणों को जो अपना लेगी, वह औरत नहीं रह जाएगी और मर्द तो कभी हो ही नहीं पाएगी। मर्द के गुण हैं फौलादी शारीरिक शक्ति, शौर्य, पराक्रम, संकल्प, कठोर मेहनत करने की क्षमता इत्यादि। स्त्रियों के गुण हैं -प्रेम, करुणा, दया, समर्पण इत्यादि। प्रेम में इन दोनों प्रकार के गुणों का अनायास अंतर्मिलन होता है। इस स्थिति में पुरुषों के कुछ गुण स्त्रियों में चले जाते है और स्त्रियों के पुरुषों में। गुणों का यह प्रेमपूर्ण आदान-प्रदान दोनों की अपूर्णता को बहुत कुछ दूर कर दोनों को शक्तिशाली बनाता है। अगर दोनों साथ-साथ शक्तिशाली नहीं बनते हैं, तो अकेला शक्तिशाली होना विध्वंसक होता है। अकेले पुरुषों के शक्तिशाली होने से स्त्रियां कमजोर हुईं। उनके कमजोर होने से पुरुषों की शक्तियों का सदुपयोग संभव नहीं हुआ।

-फेसबुक वॉल से

सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं 'शिव'



डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह
मिशन प्रेरणा, उत्तर प्रदेश

शिव पुराण के लेख के अनुसार सदाशिव जी ने कहा है कि जो मुझमें और कैलाशपति शिव में भेद करेगा या हम दोनों को अलग मानेगा वो नर्क में गिरेगा। या फिर शिव और विष्णु में जो भेद करेगा वो नर्क में गिरेगा। वास्तव में मुझमें, ब्रह्मा, विष्णु और कैलाशपति शिव कोई भेद नहीं हम एक ही है। परंतु सृष्टि के कार्य के लिए हम अलग अलग रूप लेते हैं। पृथ्वी पर बीते हुए इतिहास में सतयुग से कलयुग तक, एक ही मानव शरीर ऐसा है जिसके ललाट पर ज्योति है। इसी स्वरूप द्वारा जीवन व्यतीत कर परमात्मा ने मानव को वेदों का ज्ञान प्रदान किया है, जो मानव के लिए अत्यंत ही कल्याणकारी साबित हुआ है।

शिव शब्द के दो अर्थ योगी शिव और शून्यता एक तरह के पर्यायवाची हैं, पर फिर भी वे दो अलग-अलग पहलू हैं। क्योंकि भारतीय संस्कृति द्वंद्व से भरी है, इसलिए हम एक पहलू से दूसरे पहलू पर आते-जाते रहते हें। एक पल हम परम तत्व शिव की बात करते हैं, तो अगले ही पल हम उन योगी शिव की बात करने लगते हैं, जिन्होंने हमें योग का उपहार दिया है। शिव शब्द "वो जो नहीं है" और आदियोगी दोनों की ही ओर संकेत करता है, क्योंकि बहुत से तरीकों से ये दोनों पर्यायवाची हैं। ये जीव, जो एक योगी हैं और वो शून्यता, जो सृष्टि का मूल है, दोनों एक ही है। क्योंकि किसी को योगी कहने का मतलब है कि उसने ये अनुभव कर लिया है कि सृष्टि वो खुद ही है।

संपूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है। जब कुछ नहीं था, तब भी शिव थे। जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्रित कर रखा है। शंकर जी सौम्य आकृति एवं रौद्र रूप दोनों के लिए विख्यात हैं। सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति एवं संहार के अधिपति शिव हैं। त्रिदेवों में भगवान शिव संहार के देवता माने गए हैं। शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदि स्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। जिस प्रकार इस ब्रह्मांड का ना कोई अंत है, न कोई छोर और न ही कोई शुरुआत, उसी प्रकार शिव अनादि हैं। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। पवित्र श्री देवी भागवत महापुराण में भगवान शंकर को तमोगुण बताया गया है।

शुक्ल यजुर्वेद संहिता के अंतर्गत रुद्र अष्टाध्याई के अनुसार सूर्य इंद्र विराट पुरुष हरे वृक्ष, अन्न, जल, वायु एवं मनुष्य के कल्याण के सभी हेतु भगवान शिव के ही स्वरूप है भगवान सूर्य के रूप में वह शिव भगवान मनुष्य के कर्मों को भली-भांति निरीक्षण कर उन्हें वैसा ही फल देते है। मनुष्य अपने अपने कर्मानुसार फल पाते हैं अर्थात स्वस्थ बुद्धि वालों को वृष्टि जल अन्य आदि भगवान शिव प्रदान करते हैं और दुर्बुद्धि वालों को व्याधि दुख एवं मृत्यु आदि का विधान भी शिवजी करते हैं। शंकर या महादेव आरण्य संस्कृति जो आगे चल कर सनातन शिव धर्म नाम से जाने जाते है, में सबसे महत्वपूर्ण देवताओं में से एक है। वह त्रिदेवों में एक देव हैं। इन्हें देवों के देव महादेव भी कहते हैं। शिव का अर्थ यद्यपि कल्याणकारी माना गया है, लेकिन वे हमेशा लय एवं प्रलय दोनों को अपने अधीन किए हुए हैं। शिव सभी को समान दृष्टि से देखते है। इसलिए उन्हें महादेव कहा जाता है। तंत्र साधना में इन्हे भैरव के नाम से भी जाना जाता है।

पार्वती परिणय दिवस है महाशिवरात्रि



शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को पड़ने वाले पर्व महाशिवरात्रि की पृष्ठभूमि में अनेक कथाएं हैं। एक कथा के अनुसार यह पर्व शिव पार्वती परिणय दिवस है। मेरे निकट यह तिथि इस रूप में ही विशेष मान्य है। भगवान शंकर की पहली पत्नी सती जी अपने पिता दक्ष प्रजापति के यज्ञ में तन त्याग चुकी थीं और शिवजी अविवाहित थे। उधर तारक नामक दैत्य के अत्याचारों से देवगण और लोक त्रस्त था। देवताओं ने जब ब्रह्मा जी को समस्या बताई तो उन्होंने कहा कि शिवजी का पुत्र ही इसे मार सकता है। तब देवताओं ने कामदेव को भेजकर भगवान शंकर को काम मोहित करने की चेष्टा की,ताकि उनकी रुचि नारी के लिए हो और वह विवाह करें। देवगण प्रेषित कामदेव का यह प्रयास विफल रहा। पांसा उलटा पड़ गया। भगवान शंकर ने कामदेव को ही भस्म कर दिया। अंततः देवगण ने शंकर जी से सीधे प्रार्थना की कि 'नाथ! हम लोग अपने नेत्रों से आपका विवाह देखना चाहते हैं'। शिवजी ने प्रसन्न होकर सहमति प्रकट कर दी। उधर हिमाचल की पुत्री पार्वती शिव जी को पति रूप में पाने हेतु कठिन तपस्या कर रहीं थीं। उनके प्रेम की बहुशः परीक्षा ली जा चुकी थी। अतः यह विवाह तय हो गया। सप्तर्षियों ने संयोजक का कार्य किया। भगवान शंकर की ओर से वृहस्पति और पार्वती की ओर से गर्गाचार्य ने पुरोहित का कार्य किया। वेद विहित रीति से विवाह संपन्न हो गया। यह शुभ काज इसी महाशिवरात्रि की तिथि को हुआ। यथा समय इस अलौकिक युग्म से दिव्य रीति से कार्तिकेय जी जन्में, जिन्हें स्कंद और षडानन भी कहते हैं। वे देवताओं के सेनापति बने। सेनापतियों में वे सर्वश्रेष्ठ माने गए हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में अपने को 'सेनानीनामहं स्कन्दः' कहा है। यानी सेनापतियों में मैं स्कन्द हूं। उन्होंने तारकासुर का संहार किया। शिव पार्वती विवाह की यह कथा शिव महापुराण के तृतीय पार्वती खण्ड-अध्याय 46/47 में आई है।

वैसे भगवान भोलेनाथ और उनके इस पर्व की महिमा का सम्यक् वर्णन भला कौन कर सकता है? आचार्य पुष्पदंत ने 'शिव महिम्न स्तोत्र'में सही ही लिखा है कि 'यदि कज्जल गिरि को समुद्र की दवात बनाकर घोल दिया जाय और कल्पवृक्ष की डाल की लेखनी बनाकर पूरी पृथ्वी को पत्र मानकर साक्षात् सरस्वती जी शिवजी के गुणों को लिखना शुरू करें, तो भी उनके गुणों को पार पाना संभव नहीं हो सकेगा'। स्पष्ट है कि जब अलौकिक वीणावादिनी शारदा उनकी या उनके पर्वों की पूर्ण महिमा वर्णन में समर्थ नहीं है,तो फिर इस लौकिक शारदा की क्या बिसात।

परिवहन व खनिज विभाग ने 50 ओवरलोड वाहन किये सीज

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर हो रही कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचारः ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। डीएम के निर्देश पर गठित खनिज और परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान चलाते हुए 50 ओवरलोड वाहनों को पकड़ कर सीज कर दिया। जुर्माना की कार्रवाई भी की गई।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश में परिवहन और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत जनपद के विभिन्न थानों में 50 वाहनों को सीज कर दिया। एआरटीओ शंकर जी सिंह ने बताया गया की चेकिंग अभियान निरंतर चलता रहेगा। बड़े वाहनों में ओवरलोडिंग, चार पहिया, टेंपो, टैक्सी, मैजिक वाहनों का वाहन चालक, वाहन स्वामी परिवाहन नियमों के अनुसार ही वाहनों का प्रयोग करें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उधर, एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर सीओ ट्रैफिक गवेंद्र पाल सिंह, प्रभारी यातायात राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में हेलमेट बगैर बाइक चलाने वाले और बाइक पर तीन सवारी बैठाने वालों और काली फिल्मों लगे पाए जाने पर 550 से ज्यादा वाहनों के ई-चालान किया गया।

वाहनों की चेकिंग करते यातायात पुलिसकर्मी। अमृत विचार

सवारियां ढोने में न करें ट्रैक्टर- ट्रॉली का प्रयोग

इटावा। महाशिवरात्रि व कावड़ यात्रा के मद्देनजर भारेश्वर मंदिर का डीएम अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा ट्रैक्टर- ट्रॉली का प्रयोग सवारियों को लाने में नहीं किया जाए। उप जिलाधिकारी से कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। डीमए ने कहा कि ट्रैक्टर–ट्रॉली का प्रयोग बिल्कुल ही नहीं किया जाए। जरूरत पड़ने पर बसों का प्रयोग किया जाए जिससे श्रद्धालु सुरक्षित रहकर अपनी यात्रा कर सकें। श्रद्धालुओं के नाश्ते आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं मंदिर में साफ सफाई तथा पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

